


आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 24 | अंक : 196 | रायपुर, सोमवार, 5 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00

E-mail pratidincg@gmail.com Web Portal www.pratidinrajdhani.in Youtube Pratidin Rajdhani News



3 मरीन ड्राइव का नाम ...

अनन्या पांडे ने बॉडीकॉन 6


मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व का रंगारंग आयोजन, चारों ओर बिखरी छत्तीसगढ़िया छटा

## किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारा ध्येय : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार का लक्ष्य है। हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है, यहां की 80 प्रतिशत आबादी का जीवन–यापन कृषि पर निर्भर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर खेती–किसानी को समृद्ध बनाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व पर रंगारंग आयोजनमुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास में आयोजित हरेली तिहार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर प्रदेशवासियों को हरेली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए काम किया है। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण जैसी सुविधाएं सुलभ करायी गई। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ के किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रूपए का मूल्य मिल रहा है, जो देश में सर्वाधिक है।



मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व पर रंगारंग आयोजन हुआ। पूरे परिसर को ग्रामीण परिवेश में सजाया गया था। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के पहले पर्व हरेली पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपनी धर्मपत्नि श्रीमती कौशल्या देवी साय के साथ गौरी–गणेश पूजा कर भगवान शिव का अभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने कृषि कार्य में प्रयुक्त होने वाले नांगर, रापा, कुदाल व कृषि यंत्रों की विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सुख–समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा वहां लगायी गयी उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अनुदान पर 23 किसानों को टेक्ट्रर और हार्वेस्टर की चाबी और अन्य कृषि उपकरण प्रदान किए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री किरण देव, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय पूरी प्रतिबद्धता और सच्चे मन से प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं, फलस्वरूप ईश्वर का आशीर्वाद भी मिल रहा है। प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते छह माह में श्री साय के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए बड़े काम किए गए है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। इस अवसर पर मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक लता उसेंडी, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, संपत अग्रवाल, गजेन्द्र यादव, खुशवंत साहेब अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री निवास में राउत नाचा और गेड़ी धूम



छत्तीसगढ़ी संगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक गड़वा बाजा, राउत नाचा, गेड़ी नृत्य, रहचुली और विभिन्न छत्तीसगढ़ी पकवानों और व्यंजनों के आनंद के साथ मुख्यमंत्री निवास में मौजूद लोग उत्साह के साथ हरेली में शामिल हुए। राउत नाचा के कलाकारों के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा धारण कर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।



हरेली त्यौहार के मौके पर मुख्यमंत्री निवास छत्तीसगढ़ व्यंजनों से महक उठा। हरेली तिहार में आने वाले मेहमानों के लिए खास तौर पर ठेठरी, खुरमी, पिड़िया, अनरसा, खाजा, करी लड्डू, मुठिया, गुलगुला भजिया, चीला–फरा, बरा जैसे स्वादिष्ट पकवान बनाए गए थे, जिसका मेहमानों ने लुत्फ उठाया।

## भारत ओलंपिक हॉकी के सेमीफायनल में, ब्रिटेन को 4-2 से हराया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम ने इतिहास रचते हुए ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में हराकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाई। चार क्वार्टर की समाप्ति के बाद दोनों टीमों का स्कोर 1–1 से बराबर चल रहा था। दोनों ही टीमों ने निर्धारित समय तक बढ़त लेने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सकीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमे भारत ने 4–2 से ब्रिटेन को मात दी। भारत इस मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था क्योंकि दूसरे ही क्वार्टर में अमित रोहिदास को रेड कार्ड दे दिया गया था जिस कारण वह पूरे मैच से बाहर हो गए थे। हालांकि, भारतीय टीम ने हार नहीं मानी और अंत तक ब्रिटेन को कड़ी टक्कर दी। भारतीय टीम ने इस तरह पदक के लिए एक और कदम बढ़ा दिया है। अगर भारत सेमीफाइनल में जीत हासिल करने में सफल रहा तो कम से कम रजत पदक पक्का कर लेगा। भारत का सेमीफाइनल मुकाबला छह अगस्त यानी मंगलवार को खेला जाएगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले के तीसरे क्वार्टर तक स्कोर 1–1 की बराबरी पर रहा था। दोनों टीमों ने काउंटर अटैक किए, लेकिन गोल प्राप्त नहीं कर सके। इससे पहले हाफ टाइम तक दोनों टीमों का स्कोर 1–1 की बराबरी पर चल रहा था।

### शूटआउट में क्या हुआ ?

पहला शूटआउट ब्रिटेन ने लिया और एलबरी जेम्सी ने गोल दागा।
भारत की ओर से पहला शूट हरमनप्रीत सिंह लेने पहुंचे और उन्होंने भी गोल किया
इंग्लैंड की ओर से वालेस ने दूसरा शूट लेने आए और उन्होंने गोल दागा
भारत के लिए सुखजीत आए और उन्होंने गोल कर स्कोर 2–2 से बराबर कर दिया
इंग्लैंड के लिए तीसरे प्रयास में क्रोनोन आए और वह गोल करने से चूक गए
भारत के लिए तीसरे प्रयास में ललित ने गोल दाग भारत को 3–2 से बढ़त दिलाई
इंग्लैंड चौथे प्रयास में भी गोल करने में विफल रहा और श्रीजेश ब्रिटेन के खिलाड़ी के सामने डटे रहे और गोल नहीं करने दिया
भारत के लिए चौथे प्रयास में राजकुमार ने गोल किया। इस तरह भारत ने इंग्लैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

## कोरबा-विशाखाट्टनम एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग



**कोरबा (प्रतिदिन राजधानी)।** , विशाखापट्टनम। विशाखापट्टनम में आज एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां छत्तीसगढ़ के कोरबा से विशाखापट्टनम पहुंची कोरबा एक्सप्रेस (18517) ट्रेन की बोगियों में अचानक से भीषण आग लग गई।

गौरतलब है कि यह ट्रेन कोरबा से तिरुमाला जा रही थी। जब ट्रेन स्टेशन पर रूकी तो तब आग लगने की यह घटना स्टेशन के चौथे नंबर के प्लेटफॉर्म पर हुई। आग लगने की इस घटना में तीन एसी बोगियां पूरी तरह जल गई हैं। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

रेलवे अधिकारियों ने शुरू में पाया कि यह दुर्घटना क्क7 बोगी के शौचालय में शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। नतीजतन, क्क7 बोगी पूरी तरह जल गई, जबकि क्क6 और रू1 बोगियां आंशिक रूप से जल गईं हैं। गनीमत यह रही कि घटना के समय ट्रेन में कोई यात्री नहीं था, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

## सागर में दर्दनाक हादसा : शिवलिंग बना रहे बच्चों पर गिरा मकान, 9 बच्चों की मौत

**एजेंसी, सागर ।** जिले के शाहपुर क्षेत्र में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। यहां मरने वालों में 10 से 14 साल के बच्चे शामिल हैं। बताया जा रहा है कि शाहपुर में मंदिर के पास कुछ लोग पार्थिव शिवलिंग बना रहे थे। इसी दौरान मंदिर परिसर के बाजू में खड़ी दीवार गिर गई। पूरा हादसा सुबह 10 बजे के करीब का बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबितक ये घटना रहली विधानसभा के सानौधा थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि शाहपुर के हरदौल मंदिर में शिवलिंग निर्माण और भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां सुबह करीब 10 बजे बच्चे पार्थिव शिवलिंग (रुद्री) निर्माण कर रहे थे, उन्हीं के ऊपर भर भराकर मकान गिर गया।

मौके पर जेसीबी से मलबा हटाकर शव और घायल बच्चों को बाहर निकाला गया। यह दीवार करीब 50 साल पुरानी बताई जा रही है. इस हादसे की जानकारी लगने पर रहली विधानसभा से विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव



भी शाहपुर पहुंचे। साथ ही मौके पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी पहुंचे हैं। सभी मृत बच्चो के शव को सागर जिला अस्पताल लाया गया है।

### सीएम ने दिया जांच का आदेश

सागर में हुए हादसे के बाद अब सरकार भी एक्शन मोड पर आ गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे के जांच के आदेश दे दिए हैं। इसके साथ ही 4 लाख के मुआवजे का ऐलान किया गया है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक दिन पहले भी हुआ था हादसा

बता दें कि शनिवार को रीवा में भी दीवार गिरने से 4 बच्चों की मौत हो गई थी। यह हादसा तब हुआ जब बच्चे स्कूल से लौट रहे थे।

### कांग्रेस ने सरकार को घेरा

अब इस मुद्दे पर कांग्रेस ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। भोपाल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पूरे मध्य प्रदेश में स्कूलों की हालत स्थिति जर्जर है। टीचर नहीं है, बिना भवनों के स्कूलों की भरमार है। 50 लाख बच्चे पिछले 10 साल में स्कूल छोड़ चुके हैं। रीवा में दीवार ढह गई, प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली। यह दुर्घटना नहीं यह हत्या थी। इस हत्या की जिम्मेदार सरकार है, मध्य प्रदेश की सरकार और शिक्षा विभाग है।

## डीईओ के यहां छापेमारी में 10 करोड़ की मिली संपत्ति

**बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** जिला शिक्षा अधिकारी (ष्ठश्वह्र) टीआर साहू के विभिन्न ठिकानों पर श्वह्रङ्ख (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो) ने शनिवार को छापामार कार्रवाई की। जांच एजेंसी की टीमें बिलासपुर स्थित सरकारी आवास, कवर्धा स्थित मकान और रायपुर में पहुंची। इस दौरान डीईओ साहू के पास 10 करोड़ रुपए की चल–अचल संपत्ति का पता चला है।

### एक लाख रूपये नगदी बरामद

EOW की टीम ने बिलासपुर के नूतन कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में 1.6 लाख रुपए नकद बरामद किए। वहीं, कवर्धा की पॉश कॉलोनी में मकान, पत्नी के नाम पर फार्म हाउस और रायपुर में कीमती जमीन की जानकारी सामने आई है।

### खरीदी और लाभ दिलाने के एवज में कमाई

ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने बताया कि साहू ने 4 करोड़ रुपए की फर्नीचर खरीदी, 86 लाख रुपए में प्रश्न पत्र छपाई, और शिक्षकों के अटैचमेंट, अनुकंपा नियुक्ति, जीपीएफ, मातृत्व अवकाश आदि में लेनदेन कर अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की है।

### खातों से लेनदेन पर रोक

बता दें कि डीईओ साहू की पत्नी कवर्धा में व्याख्याता हैं और एक बेटा सिविल इंजीनियर है।



अधिकांश संपत्तियां उनकी पत्नी के नाम पर हैं। कवर्धा के मकान में 20 हजार नकद, सोने–चांदी के जेवर, बैंक पासबुक, एफडी और एलआईसी में बड़े निवेश का पता चला है। ईओडब्ल्यू ने बैंक पासबुक जब्त कर खातों से लेनदेन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

ईओडब्ल्यू अब डीईओ साहू और उनकी पत्नी की आय और खर्च का हिसाब निकालेगी। इसके बाद यह जांच की जाएगी कि उन्होंने अपनी आय से कितनी अधिक संपत्ति जुटाई है। डीईओ साहू के पास दो कारें हैं, जिनके माइलोमीटर चेक किए गए हैं और डीजल–पेट्रोल का हिसाब भी निकाला जाएगा।

EOW के अधिकारियों के मुताबिक आय से अधिक संपत्ति की पुष्टि के बाद डीईओ साहू की गिरफ्तारी हो सकती है। रायपुर में साहू ने पत्नी के नाम से एक बड़ा प्लॉट खरीदा है। संपत्ति की पूरी जांच के बाद आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।


Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available





## 535 चिकित्सा अधिकारियों को मिली संविदा नियुक्ति

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर जारी हुआ पदस्थापना आदेश

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर हरेली तिहार के दिन राज्य के लोगों को एक बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य में 535 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। इन चिकित्सकों की नियुक्ति से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा चिकित्सा स्नातक एमबीबीएस पाठ्यक्रम 2018 बैच के चिकित्सा स्नातकों को निष्पादित अनुबंध अनुसार दो वर्ष की संविदा सेवा का अवसर दिया गया है। इन चिकित्सा अधिकारियों में बालोद जिले में 22, बेमेतरा में 10, धमतरी में



6, दुर्ग में 55, गरियाबंद में 6, कबीरधाम में 20, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई में 8, महासमुंद में 34 चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की गयी है।

इसी प्रकार मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में 3, रायपुर में 42, राजनांदगांव में 22, बलौदाबाजार–भाटापारा में 3, सारंगढ़–बिलाईगढ़ में 15, बिलासपुर में 22, जांजगीर–चांपा में 12, गौरेला–पेण्ड्रा–मारवाही में 4, कोरबा में 32, मुंगेली में 3, रायगढ़ में 42, सक्ती में 1 स्नातक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है।

इसी प्रकार बस्तर में 17, बीजापुर में 5, दंतेवाड़ा में 13, कांकेर में 19, कोण्डागांव में 7, नारायणपुर में 1, सुकमा में 11, बलरामपुर में 19, मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर में 16, जशपुर में 21, कोरिया में 6, सूरजपुर में 6 तथा सरगुजा जिले में 32 स्नातक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है ।

## 2029 में फिर बनेगी मोदी की सरकार : शाह



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार (4 अगस्त 2024) को चंडीगढ़ दौरे पर मनीमाजरा जलापूर्ति परियोजना का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। गृह मंत्री ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बड़ी भविष्यवाणी करते हुए कहा कि उन्हें 2029 में भी विपक्ष में बैठने की तैयारी करनी चाहिए।

### 2029 में एनडीए आएगा और मोदी आएंगे : अमित शाह

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की और कहा कि एनडीए देश में 2029 के लोकसभा चुनावों में फिर से जीत दर्ज करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, भारतीय ब्लॉक को 2029 में भी विपक्ष में बैठने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि विपक्ष को जो करना है करने दें, 2029 में एनडीए आएगा और मोदी आएंगे। वे (विपक्ष) नहीं जानते कि भाजपा ने इस चुनाव में उतनी सीटें जीती हैं जितनी कांग्रेस को तीन चुनावों में मिली थीं।

## चेरवान कंगन इलाके में फटा बादल,श्रीनगर–कारगिल मार्ग बंद



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** जम्मू। देश के पहाड़ी राज्यों में हो रही भारी बारिश के कारण लगातार भूस्खलन की घटनाएं देखने को मिल रही है। जम्मू कश्मीर के चेरवान कंगन इलाके में रविवार सुबह बादल फटने के बाद श्रीनगर–कारगिल मार्ग बंद हो गया है। बादल फटने के कारण अचानक बाढ़ आ गई। जिसके चलते श्रीनगर–कारगिल मार्ग बंद हो गया।



बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस आया है और मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई वाहन मलबे में फंस गए हैं। इस बीच प्रशासन ने बादल फटने के बाद इस रूट में यात्रा करने वालों के लिए निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे श्रीनगर–कारगिल मार्ग के खुलने तक वहां से यात्रा करने से बचें।

बता दें कि 1 अगस्त को हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बादल फटने की घटनाएं हुई थीं। हिमाचल के मंडी, रामपुर, कुल्लू समेत कई क्षेत्रों में बादल फटा था। इसके कारण कई घर तबाह हो गए थे और कई लोगों की मौत भी हो गई थी। इसके अलावा उत्तराखंड में भी भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के कारण काफी नुकसान हुआ है।

प्रतिदिन राजधानी
सोमवार 05, अगस्त 2024

# खाद्य मंत्री बघेल ने ग्राम गोढ़ी कला में पौधरोपण किया




**बेमेतरा (प्रतिदिन राजधानी)।** हरेली त्यौहार के अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकास के ग्राम पंचायत गोढ़ीकला में प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण हितग्राहियों के उन्मुखीकरण कार्यकम में एक पेड़ माँ के नाम पर पौधरोपण किया। उन्होंने सभी को हरेली त्यौहार की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और आग्रह किया कि अभियान का हिस्सा बनकर अपने घर आंगन, खेत में अपनी मां के नाम पर पौधा जरूर लगाएं। खाद्य मंत्री ने कहा कि राशनकार्ड का नवीनीकरण आगामी 15 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। छुटे हुए सभी हितग्राहियों को अपने कार्ड का नवीनीकरण करवाने का आग्रह किया। ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर सरपंच जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गुरुकुल में छात्र प्रतिनिधियों ने शपथ ली, हरेली त्योहार मनाया



**कवर्धा (प्रतिदिन राजधानी)।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल में चयनित शाला नायक, नायिका व आजाद, भगत, टैगोर, विनोबा सदनों के छात्र प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं हरेली त्योहार का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस भव्य व आकर्षक समारोह के अतिथि के रूप में विकास कुमार (एडिशनल एस.पी., जिला कबीरधाम), एम. के. गुप्ता (सहायक संचालक), डॉ. प्रांजल जैन (आर्थोपेडिक), अमित बरड़िया (सचिव, भारतीय जैन संघटना), सुनील लुनिया (उपाध्यक्ष, भारतीय जैन संघटना), यू आर चंद्राकर (सहायक संचालक) और सतीश यदु (प्रशासक, कबीरधाम) मंचासीन थे।

इस शुभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य, समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएँ, छात्र–छात्राएँ और पालकगण उपस्थित थे। अतिथि द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पूजा–अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

शाला छात्र प्रतिनिधियों तथा शाला के आजाद, भगत, टैगोर, विनोबा सदनों के छात्र प्रतिनिधियों को अतिथियों ने अपने बैज पहनाकर शपथ दिलाई और उत्तरदायित्व सौंपा। शाला नायक अनीस मुटरेजा, शाला नायिका आकांक्षा सिंह का चयन कर सम्मानित किया गया। आजाद सदन के नायक गणेश शर्मा नायिका गुरुप्रीत कौर वाधवा, भगत सदन के नायक हर्षित सिंह पाहुजा. नायिका सुमिता साहू, टैगोर सदन के नायक तन्मय सिंह परिहार नायिका सृष्टी चंद्रवंशी विनोबा सदन के नायक शिखर शुक्ला. नायिका विधि अग्रवाल का चयनित कर जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर विविध आकर्षक व मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। शपथ ग्रहण के अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परिलक्षित हो रहा था। हरेली त्योहार के शुभअवसर पर भारतीय जैन संघटना के सहयोग से गुरूकुल प्रांगण में इस वर्ष लगभग 500 वृक्षारोपण किया जा चुका है। अतिथि ने अपने उद्बोधन भाषण में शाला के उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए समस्त छात्र प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उत्तरदायित्वों का बोध कराया। सभी अतिथियों को शाला का स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। आभार व्यक्त नवनियुक्त सांस्कृतिक सचिव ने किया। संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य, प्रशासक ने समस्त छात्र प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

# हरेली पर पूरे दिन टॉप ट्रेंड में रहा हैशटैग अभियान सुशासन की हरेली




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ में आज हरेली तिहार धूमधाम से मनाई गई। ग्रामीण अंचलों में लोगों ने सुबह से ही गौवंशों और कृषि औजारों की पूजा–अर्चना कर हरेली पर्व मनाया। आज मुख्यमंत्री निवास में भी हरेली तिहार की धूम रही। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों, आम जनता के साथ सपरिवार यह त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाया। हरेली तिहार के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाया गया हैशटैग अभियान सुशासन की हरेली आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म × पर पूरे दिन टॉप ट्रेंड पर रहा। छत्तीसगढ़ से लेकर अन्य राज्य के गणमान्य लोगों सहित आम जनता ने इस अभियान से जुड़कर हरेली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और जमकर अपने फ़ोटो–वीडियो पोस्ट किये।

केंद्रीय मंत्रियों से लेकर अन्य राष्ट्रीय नेताओं ने 'सुशासन की हरेली' अभियान में प्रतिभाग कर हरेली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समस्त छत्तीसगढ़वासियों के सुख–समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के प्रथम तिहार हरेली के पावन अवसर पर आज छत्तीसगढ़ शासन ने सोशल मीडिया पर हैशटैग ससुशासनद्धकीद्धहरेली अभियान चलाया। जिसको आम लोगों का भरपूर समर्थन मिला और जमकर फ़ोटो–वीडियो पोस्ट किये।

## कर्मचारी रेल सेवा के प्रति समर्पण भाव से करें कार्य : रेलवे बोर्ड ए. के. खंडेलवाल



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** मेंबर इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड ए. के.खंडेलवाल ने रायपुर रेल मंडल में निरीक्षण के दौरान रेलवे के फ्रंटलाइन स्टाफ जिनका यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद होता है। उन्हें रेल सेवा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया, रेलवे की उत्कृष्ट छवि में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा।



# कांग्रेस के दबाव में हरेली तिहार मनाने मजबूर हुई भाजपा सरकार : सुरेंद्र वर्मा



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा के जो नेता पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार द्वारा हरेली तिहार के सरकारी आयोजन पर सवाल खड़े किया करते थे, आज तमाम किंतु परंतु के बाद बेमन से ही सहीं, आयोजन की नकल करने के लिए बाध्य तो हुए हैं, यह भाजपाईयों के अहंकार की हार और छत्तीसगढ़िया संस्कृति और छत्तीगढ़ की जनता के स्वाभीमान की जीत है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपाईयों को छत्तीसगढ़ के तीज–त्यौहार, प्रथा–परंपरा, खान–पान, रीति–नीति से नफ़रत है, भारतीय जनता पार्टी पहले भी छत्तीसगढ़ में सत्ता में रही लेकिन छत्तीसगढ़ी की संस्कृति की समृद्धि के लिए कोई काम नहीं किया। छत्तीसगढ़िया संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का काम पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के दौरान हुआ। छत्तीसगढ़ में पहली बार हरेली के पर्व पर अवकाश की घोषणा पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने किया, साथ ही मुख्यमंत्री आवास सहित तमाम जिला और ब्लॉक स्तर पर सरकारी आयोजन की शुरुआत की गई। हरेली के दिन सही छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत करने की परंपरा भी शुरू की गई जिसमें गेड़ी दौड़, पिट्ठूल, दौड़ नारियल, फुगड़ी, कबड्डी, खो खो, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाने लगा। भाजपा की सरकार आने के बाद से दुर्भावनापूर्वक हरेली तिहार से शुभारंभ होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को बंद कर दिया गया।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने भाजपा सरकार पर छत्तीसगढ़िया विरोधी होने का आरोप लगाते हुये कहा है कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है और इसीलिए किसानों के लिए कृषि मजदूरों के लिए और पशुपालकों के लिए हरेली त्यौहार बेहद महत्वपूर्ण होता है लेकिन छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद न गौ सेवा के लिए कोई काम हो रहे हैं, ना ही किसानों के हितों का संरक्षण हो पा रहा है। किसान न्याय योजना की चौथी किस्त खा गये, भूमिहीन कृषि श्रमिक न्याय योजना बंद कर दी, फ़सल बीमा का बुरा हाल है, नकली खाद, नकली बीज, नकली दवा भाजपा सरकार के संरक्षण में सरेआम बिक रहे है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि हरेली छत्तीसगढ़ के किसानों का पारंपरिक त्यौहार है। इस अवसर पर नांगर, गैती, रापा जैसे खेती के औजारों को धोया जाता है और उनकी पूजा की जाती है।

गौवंशियों की पूजा होती है। ग्रामीण जीवन में हरेली त्यौहार का बेहद महत्व है। हरेली त्यौहार छत्तीसगढ़ के धार्मिक महत्व के साथ–साथ सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। जिस तरह से 1 मई को बोरेबासी दिवस का भाजपाई पहले मजाक उड़ाते थे, फिर खुद भी नकल करने लगे, उसी तरह से दो दिन पहले तक हरेली के संदर्भ में भी भाजपाइयो को हिकारत थी। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेताओं ने हर्षोल्लास के साथ पारंपरिक हरेली तिहार के आयोजन की तैयारी की है, जिससे घबराकर अब भाजपा की सरकार ने भी आनन फ़ानन में हरेली तिहार बनाने की घोषणा की है।

# सांसद बृजमोहन ने की दुधाधारी बजरंग कन्या महाविद्यालय को 5 करोड़ देने की घोषणा

## बालिकाओं की शिक्षा के बगैर महिला सशक्तिकरण की बात अधूरी : बृजमोहन अग्रवाल




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** बालिकाओं की शिक्षा के बगैर महिला सशक्तिकरण की बात अधूरी रहती है। शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है और उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की शक्ति देती है। यह बात रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शासकीय दुधाधारी बजरंग कन्या महाविद्यालय के दीक्षारंभ समारोह में कही। बृजमोहन अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसके बाद सरस्वती वंदना के साथ नव प्रवेशी छात्राओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, कॉलेज विद्यार्थी जीवन की एक नई शुरुवात होती है। यहां से हमें जीवन की दिशा और दशा तय करने का मौका मिलता है। हमको जीवन में एक गोल बना कर उस को हासिल करने के लिए प्रयास करने पड़ेंगे। किसी को ड्रस, क्लस्टर, बैंकिंग, आर्मी में जाना है तो किसी का कोई अलग प्लान होगा जिसको ध्यान रखकर कार्य करना होगा। विपरीत परिस्थितियों में भी हमको हार नहीं माननी चाहिए। इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के जरिए हम कठिन से कठिन मंजिल भी हासिल कर सकते हैं।

बृजमोहन अग्रवाल ने यह भी कहा कि, अब छत्तीसगढ़ समेत देश भर में शिक्षा नीति लागू हो गई है। जिसमें सेमेस्टर प्रणाली के तहत साल में दो बार परीक्षा आयोजित की जाएगी। एक बार खराब प्रदर्शन होने पर आप दूसरे सेमेस्टर में गलतियों को सुधारने का अवसर मिलेगा। इतना ही नहीं अब छात्र रुचि के अनुसार विषयों का चयन कर सकते हैं। आर्ट्स में पढ़ने वाला छात्र साइंस और आईटी की पढ़ाई भी कर सकता है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य अपनी शिक्षा व्यवस्था को विश्व स्तरीय बनाना है।

बृजमोहन अग्रवाल ने पीएम–उषा योजना के तहत महाविद्यालय को 5 करोड़ रुपए दिलाने की घोषणा की है।

कार्यक्रम में उपस्थित नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे को जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। पार्षद सीमा कंदोई, प्राचार्य डॉ किरन गजपाल समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## नेशनल हाइवे पर मिली महिला की लाश , हत्या की आशंका

**जशपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** जशपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के आगडीह में एक महिला का शव मिला है। नेशनल हाईवे 43 पर महिला के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है ।

महिला कहाँ की है, कौन है इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है लेकिन शव को देखकर पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या का अनुमान लगा रही है। कोतवाली पुलिस शव की शिनाख्ती में जुटी हुई है ।शिनाख्ती के लिए पुलिस सोशल मीडिया का सहारा ले रही है।

# 'माउंटेन मैन' राहुल गुप्ता 15 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराएंगे

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' पर्वतारोहण क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम करने जा रहे हैं। 15 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोज़िअस्को में तिरंगा फहराएंगे। राहुल गुप्ता ने रविवार को खेल मंत्री से मुलाकात कर आगामी अभियान के लिए आशीर्वाद लिया।

अगले महीने 8 अगस्त को राहुल रायपुर से इस अभियान के लिए निकलेंगे। राहुल, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोज़िअस्को (7,310 फीट) पर चढ़ाई करेंगे। यह महाद्वीपो के पहाड़ों की ऊँचाई की रैंकिंग में सातवाँ और सबसे छोटी चोटी है। राहुल गुप्ता आगामी 15 अगस्त को पीक फ़तह करेंगे। इस दौरान लगभग माइनस (अधिकतम –10 डिग्री) तापमान में ट्रेकिंग करते हुए लगभग 23 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

राहुल गुप्ता अल्पाइन टेक्निक क्लाइम्बिंग और विंटर एक्सपीडिशन में एक्सपर्ट हैं। अल्पाइन टेक्निक क्लाइम्बिंग में अमूमन 1–2 लोग ही होते हैं और अभियान को पूरा करते हैं। यह पर्वतारोहण की उच्चतम श्रेणी की विधा है। राष्ट्रीय स्तर पर विंटर एक्सपीडिशन करने वाले भी छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहाड़ों को फ़तह करना छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' ने वर्ष 2015 से शुरू किया था।

**खेल मंत्री से मुलाकात कर आगामी अभियान के लिए आशीर्वाद लिया**



### पहले भी शिखर पर तिरंगा व छत्तीसगढ़ राज्य लोगो फहराया

राहुल ने छत्तीसगढ़ में एडवेंचर स्पोर्ट्स के जरिए हर बार कोई न कोई संदेश (सोशल मेसेज) को बढ़ावा देने के लिए झंडा फहराया है। इस अभियान के लिए राहुल ने खेल मंत्री टंक राम वर्मा और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। राहुल ने बताया कि राज्यमंत्री रहते हुए श्री साय ने दिल्ली में कई बार सहयोग किया। उनके सहयोग के बिना पर्वतारोही बन पाना संभव नहीं था।

### कौन हैं राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन'?

– छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्वतारोही जिन्होंने दुनिया की सर्वोच्च चोटी माउंट एवेरेस्ट (8848 मीटर) फ़तह की है।

– इन्हें छत्तीसगढ़ राज्य में एडवेंचर स्पोर्ट्स के जनक के रूप में भी जाना जाता है।

– राज्य के प्रथम प्रोफेशनल पर्वतारोही हैं जो कि मूल निवासी अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं और 2016 के बाद रायपुर शिफ्ट हो गए।

– राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय 14 पहाड़ों पर पर्वतारोहण दल का नेतृत्व किया है।

# इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में मनाया गया हरेली त्यौहार



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषि अनुदेशक सह अनुसंधान प्रक्षेत्र में आज यहां हरेली त्यौहार के अवसर पर हरेली महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र में कृषि उपकरण ट्रैक्टर इत्यादि का पूजन कर खुशहाल खेती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने हरेली पर्व की अवसर पर छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन चीला, बोबरा के साथ कुदाली, रापा, गैंती आदि की पूजा की।

हरेली त्यौहार समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में हरेली त्यौहार को किसानों द्वारा खेतो में बुआई का कार्य पूरा होने पर कृषि उपकरण की पूजा करने की परंपरा है। डॉ. चंदेल ने कहा कि आज का दिन मिट्टी, पानी तथा पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर भी है।

इस अवसर पर निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ.एस.एस. टुटेजा ,निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. एन. लाकपाले, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रायपुर डॉ. जी.के. दास, अधिष्ठाता खाद्य प्रौद्योगिकी डॉ ए.के. दवे साथ ही प्राध्यापक संजीव मलैया, डॉ. सुनील अग्रवाल, विनोद नायक व प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी एम. एल. केवट व अन्य कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे।

प्रतिदिन राजधानी
सोमवार 5, अगस्त 2024

# सीएम साय करेंगे भोरमदेव में कावड़ियों पर पुष्प वर्षा

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री देव साय 5 अगस्त, सोमवार को भोरमदेव में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन के बारे में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सोमवार सुबह 7:00 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर से प्रस्थान करेंगे और लगभग 7:30 बजे भोरमदेव पहुंचेंगे। भोरमदेव में वह हजारों की संख्या में पहुंचे शिव भक्तों, जो सैकड़ों किलोमीटर पैदल यात्रा कर शिवजी का जल अभिषेक करने आए हैं, पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है, जब प्रदेश के मुखिया स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे। उसके उपरांत भोरमदेव बाबा का पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली के किये कामना करेंगे।



### कवर्धा में बूढ़ा महादेव मंदिर में करेंगे अभिषेक

भोरमदेव में पुष्प वर्षा के उपरांत मुख्यमंत्री साय सुबह 8:00 बजे भोरमदेव मंदिर पहुंचेंगे। वे 9 बजे तक भोरमदेव मंदिर और कवर्धा के प्राचीन और प्रसिद्ध बूढ़ा महादेव मंदिर में पंचमुखी बूढ़ा महादेव का दर्शन, पूजन और अभिषेक करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। श्रावण मास के पवित्र अवसर पर भोरमदेव और बूढ़ा महादेव मंदिर में विशेष रूप से हजारों की संख्या में कावड़िये अमरकंटक से नर्मदा जल लाकर शिवजी का अभिषेक करते हैं। यह परंपरा पिछले 25 से 30 वर्षों से जारी है और हर वर्ष कावड़ियों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

### भोरमदेव और बूढ़ा महादेव की महत्ता

भोरमदेव मंदिर और कवर्धा का बूढ़ा महादेव मंदिर छत्तीसगढ़ में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखते हैं। भोरमदेव मंदिर अपनी प्राचीनता और वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, जिसे छत्तीसगढ़ का खजुराहो भी कहा जाता है। यहाँ श्रावण मास में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। बूढ़ा महादेव मंदिर भी अपने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। इस मंदिर में हर वर्ष श्रावण मास के दौरान हजारों शिव भक्त अपने कावड़ में नर्मदा जल लाकर अभिषेक करते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के भोरमदेव और कवर्धा दौरे के दौरान सुरक्षा और आयोजन की विशेष तैयारियाँ की गई हैं। पुलिस प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी आवश्यक इंतजाम करें ताकि कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से हो सके। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही, शिव भक्तों के लिए भी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपने धार्मिक अनुष्ठानों को पूरा कर सकें।

### छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए ऐतिहासिक क्षण

यह आयोजन छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित होगा। पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह और भी बढ़ेगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं और संस्कृति को और भी सशक्त बनाएगा।

# राज्यपालों के सम्मेलन में राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों के विकास पर दिया प्रेजेंटेशन

## पीएम मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने 1 से 3 अगस्त तक नई दिल्ली में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में राज्यपाल डेका ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों के आकांजिलों, ब्लॉक, और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में जनजातीय विकास के लिए शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के आकांएवं सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। राज्यपाल ने विशेष रूप से बीजापुर जिले के माओवादी गतिविधियों से प्रभावित



ग्राम मुड़ावेडी का उल्लेख किया, जहां सड़कों का विस्तार किया गया और प्रशासन द्वारा सुरक्षा बढ़ाई गई। इसके बाद वहां के वंचित बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। प्रस्तुतीकरण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्यपाल रमेन डेका ने गत दिवस सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट की।

वहीं जगदीप धनखड़ से राज्यपाल रमेन डेका ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ एवं राज्यपाल रमेन डेका की धर्मपत्नी रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थीं।

# मरीन ड्राइव का नाम बदलकर तेलीबांधा ड्राइव करने की साहू समाज की मांग

- मुख्यमंत्री ने दिया गंभीरता से विचार कर कार्यवाही का आश्वासन
- साय साहू समाज के हरेली उत्सव-सम्मान समारोह में हुए शामिल
- केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री साव भी रहे मौजूद

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरेली तिहार के पवित्र दिन तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर आयोजित हरेली उत्सव और साहू समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां नागर, गैती, गेड़ी सहित कृषि यंत्रों




की पूजा की और प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साय ने भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती की और छत्तीसगढ़ की सुख–समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू सहित साहू समाज के अध्यक्ष टहल सिंह साहू और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान साहू समाज ने मरीन ड्राइव का नाम परिवर्तन कर तेलीबांधा ड्राइव करने तथा दोनों ओर भव्य गेट बनाने और चौक का नाम भक्त माता कर्मा के नाम पर करने की माँग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस आयोजन के लिए साहू समाज को बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि आज हरेली के पावन पर्व पर सुबह से ही पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों की सुख–समृद्धि की मन्नत माँगी है। उन्होंने कहा कि तेलीबांधा तालाब रायपुर शहर की शान है और साहू समाज की माँग पर गंभीरता से विचार किया जाकर इसके नामकरण के लिए जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय को साहू समाज के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम का तैल्य चित्र और राम चरित मानस की प्रति भेंट की। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री साय को स्मृति चिन्ह के रूप में रुद्राक्ष के वृक्ष के साथ शाल फ्ल भेंट किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ का पहले तिहार है और इसी से आगे प्रदेश में तिहार उत्सवों की लंबी श्रृंखला चलती है।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा: 4 वार्डों में शिविर 1209 में से 940 आवेदन शिविर में त्वरित निराकृत

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के वार्डो में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाडा के अंतर्गत शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लगाए जाने का सिलसिला प्रतिदिन जारी है। रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 70 वार्डो में जनसमस्या निवारण पखवाडा अंतर्गत शिविर हेतु प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। प्रत्येक वार्ड में 1 शिविर लगाया जायेगा एवं उसमें रायपुर नगर पालिक निगम सहित विभिन्न शासकीय विभागो के अधिकारीगण जनसमस्या सुनकर उसका यथासंभव त्वरित निराकरण करने निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहेंगे। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा आज नवें दिन जनसमस्या



निवारण पखवाडा के अंतर्गत जनसुविधा हेतु शिविर जोन 1 के बाल गंगाधर तिलक वार्ड के सियान सदन गुढ़ियारी , जोन 5 के डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड के चंगोराभाठा सांस्कृतिक भवन, , जोन 6 के मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवम मठपुरेना पानी टंकी के पास, जोन 10 के लेफ्टिनेंट अरविन्द दीक्षित वार्ड के कंदकोट सिंधी धर्मशाला आदर्श नगर में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर लगाया गया।

जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालक कुंदन कुमार, निगम नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे, रायपुर रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह, नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा, पार्षद मृत्युंजय दुबे,पूर्व पार्षद यादराम साहू, पार्षदगण, निगम अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय सहित संबंधित जोन कमिश्नरगण एवं कार्यपालन अभियंतागण शिविर में पहुंचे एवं रायपुर नगर पालिक निगम के विभिन्न विभागों सहित रायपुर जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न शासकीय विभागों के स्टालों की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार प्रतिदिन लगाए जा रहे जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा के नवें दिन नगर निगम के विभिन्न 4 वार्डो में लगाये गये शिविर में नागरिकों से कुल प्राप्त 1209 आवेदनों में से 940 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही तत्काल निराकरण कर दिया गया। शेष 269 मांगों के त्वरित निदान हेतु सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गये।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने 3 वार्डों में 3 करोड़ 24 लाख के नए विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन नम्बर 6 के तहत मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड में 1 करोड़ 22 लाख की लागत से विभिन्न 14 स्थानों पर नाली, पुलिया, सीसी रोड, सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों, महामाया मंदिर वार्ड में विभिन्न 9 स्थानों पर 1 करोड़ 39 लाख रूपये की लागत से नए विकास कार्य हेतु और शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड में 3 विभिन्न स्थानों में 62 लाख रूपये की लागत से नए विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन श्रीफ्ल फोड़कर और कुदाल चलाकर नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे, श्रीमती सरिता वर्मा, चंद्रपाल धनगर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व पार्षद रामकृष्ण धीवर, सालिक सिंह ठाकुर, जगदीश आहुजा, जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित गणमान्य जनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, युवाओं की उपस्थिति में श्रीराम मैदान संतोषी नगर, हरदेवलाला मंदिर टिकरापारा, ढीमर समाज भवन महाराजबंध तालाब के पास किया और जोन कमिश्नर और कार्यपालन अभियंता को तत्काल स्वीकृत विकास कार्यों को प्रारम्भ करके तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता बनाये रखकर प्राथमिकता से पूर्ण करवाने निर्देश दिए. रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पाम ट्री रोपित कर सभी नागरिकों को हरेली तिहार की हार्दिक बधाई दी.

# छ.ग. पकवान से महक उठा मुख्यमंत्री निवास




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

हरेली त्यौहार में छत्तीसगढ़ व्यंजनों से महक उठा है मुख्यमंत्री निवास। आगन्तुकों के त्योहार में स्वागत के लिए खास तौर पर ठेठरी, खुरमी, पीडिया, गुलगुला भजिया, चीला जैसे पकवान बनाए जा रहे हैं। हरेली तिहार का आरंभ सावन महीने की अमावस्या से होता है। यह त्योहार मानसून के मौसम के आगमन का प्रतीक है, जो खेती के लिए सबसे अनुकूल समय माना जाता है। हरेली का त्यौहार का संबंध कृषि से जुड़ा है इस दिन खेतों में बोनी पूर्ण होने के बाद अच्छी फ्सल की आस में कृषि यंत्रों की पूजा की जाती है। हरेली त्यौहार में स्वच्छता का भी महत्व है गांवों में विशेष सफ्ई और सजावट की जाती है। घरों के आंगनों और खेतों में नीम के पत्तों, आम की पत्तियों और गोबर से अल्पना बनाई जाती है, जो शुभता और समृद्धि का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ में हरेली का त्यौहार बड़े उत्साह से मनाया जाता है। गांव में बच्चे त्योहारों को आनंद गेड़ी चढ़कर लेते हैं। बच्चे से लेकर बूढ़े तक गेड़ी दौड़ में शामिल होते हैं। इस दिन खेती–किसानी में सहयोग देने वाले पशुओं विशेष रूप से गाय, बैल की पूजा की भी पूजा की जाती है। घरों में इस दिन छत्तीसगढ़ी पकवान बनाए जाते हैं।

# सांसारिक दुखों का नाश करने के लिए करते है शांति धारा : श्रेयश जैन 'बालू'

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) मालवीय रोड में श्रावण कृष्ण हरियाली अमावस्या निर्वाण संवत 2550, 4 जुलाई को विश्व शांति एवं समाज कल्याण के लिए शांति धारा एवं णमोकार मंत्र पूजन का आयोजन किया गया। पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया कि आज प्रातः 8 बजे पार्श्वनाथ भगवान की बेदी के समक्ष आध्यात्मिक प्रयोगशाला के माध्यम से 23 वे तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान की स्फ्टिक मणि की प्रतिमा को विराजमान कर प्रक्षाल किया गया। विश्व में शांति, समाज कल्याण, के लिए शांति धारा बड़े ही श्रद्धा एवं विश्वास के साथ की गई। आज की शांति धारा का सौभाग्य अक्षत जैन,शैलेंद्र जैन को प्राप्त हुआ। श्रेयश जैन बालू ने बताया कि आज हर मनुष्य किसी न किसी कारण से दुखी रहता है। इन सांसारिक दुखों का नाश



करने के लिए हम प्रभु शांति धारा करते है, जिसमें शांति नाथ एंव पा?श्र्वनाथ प्रभु की अराधना में हम कहते है कि विघ्नों का नाश हो और जीवों को आनंद, यश, धन, धान्य की वृद्धि हो इसके लिए कहते हैं (कुरु–कुरु) फिर संपूर्ण विश्व में शांति हो, समृद्धि हो, सभी का कल्याण हो, दीर्घायु हो, कुल गोत्र का वृद्धि हो और देश प्रदेश, नगर परिवार में शांति हो ऐसी मंगल कामना करते हैं। इस प्रकार धार्मिक कार्य किए जाने से समाज तथा परिवार में भाईचारा, विश्वास, श्रद्धा तथा प्रेम का संचार होता है। प्रभु की शांति धारा को विस्तार से समझाते हुए। उन्होंने कहा कि प्रभु भक्ति से परिवार में समृद्धि, आत्मकल्याण, आत्मिक शांति आदि आती है। आपसी भेदभाव, कलह मिट जाते हैं। आपसी संबंध मजूबत होते हैं। इस सब से पुष्टि, वृद्धि, शांति, कल्याण, कार्य सिद्ध होते हैं। सभी प्रकार के विघ्न मिट कर का संतोष मिलता है। मन पवित्र बनता है। सभी दोष दूर होते हैं। ज्ञान तथा चरित्र में बढोतरी होकर सुखमय बनता है। भय व दोष दूर होता है। जीवन आनंदमय बन कर व्यतीत होता है। अच्छे संस्कार उत्पन्न होते हैं। और अंत में सम्पूजकानां प्रतिपालकानां, यतीन्द्र–सामान्य–तपोधनानाम।

# छत्तीसगढ़ का परंपरागत तिहार है हरेली- डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है। इस त्यौहार से ही राज्य में खेती–किसानी की शुरूआत होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह त्यौहार परंपरागत् रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है। डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि इस दिन किसान खेती–किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं और घरों में माटी पूजन होता है। गांव में बच्चे और युवा गेड़ी का आनंद लेते हैं। इस त्यौहार से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक पर्वों की महत्ता भी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गेड़ी के बिना हरेली तिहार अधूरा है।

परंपरा के अनुसार वर्षों से छत्तीसगढ़ के गांव में अक्सर हरेली तिहार के पहले बढ़ई के घर में गेड़ी का ऑर्डर रहता था और बच्चों की जिद पर अभिभावक जैसे–तैसे गेड़ी भी बनाया करते थे। हरेली तिहार के दिन सुबह से तालाब के पनघट में किसान परिवार, बड़े बजुर्ग बच्चे सभी अपने गाय,




बैल, बछड़े को नहलाते हैं और खेती–किसानी, औजार, हल (नांगर), कुदाली, फ्वड़ा, गैंती को साफ कर घर के आंगन में मुरूम बिछाकर पूजा के लिए सजाते हैं। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धूप–दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ के चीला का भोग लगाया जाता है। अपने–अपने घरों में अराध्य देवी–देवताओं के साथ पूजा करते हैं। गांवों के ठाकुरदेव की पूजा की जाती है।

डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि हरेली पर्व के दिन पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए औषधियुक्त आटे की लोंदी खिलाई जाती है। गांव में यादव समाज के लोग वनांचल जाकर कंदमूल लाकर हरेली के दिन किसानों को पशुओं के लिए वनौषधि उपलब्ध कराते हैं। गांव के सहाड़ादेव अथवा ठाकुरदेव के पास यादव समाज के लोग जंगल से लाई गई जड़ी–बूटी उबाल कर किसानों को देते हैं। इसके बदले किसानों द्वारा चावल, दाल आदि उपहार में देने की परंपरा रही हैं।

सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरेली पर्व मनाया जाता है। हरेली का आशय हरियाली ही है। वर्षा ऋतु में धरती हरा चादर ओड़ लेती है। वातावरण चारों ओर हरा–भरा नजर आने लगता है। हरेली पर्व आते तक खरीफ फ्सल आदि की खेती–किसानी का कार्य लगभग हो जाता है। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धोकर, धूप–दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ का चीला भोग लगाया जाता है। गांव के ठाकुर देव की पूजा की जाती है और उनको नारियल अर्पण किया जाता है। हरेली तिहार के साथ गेड़ी चढ़ने की परंपरा अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी परिवारों द्वारा गेड़ी का निर्माण किया जाता है। परिवार के बच्चे और युवा गेड़ी का जमकर आनंद लेते है। गेड़ी बांस से बनाई जाती है। दो बांस में बराबर दूरी पर कील लगाई जाती है। एक और बांस के टुकड़ों को बीच से फ्ड़कर उन्हें दो भागों में बांटा जाता है। उसे नारियल रस्सी से बांधकर दो पउआ बनाया जाता है। यह पउआ असल में पैर दान होता है जिसे लंबाई में पहले कांटे गए दो बांसों में लगाई गई कील के ऊपर बांध दिया जाता है। गेड़ी पर चलते समय रच–रच की ध्वनि निकलती हैं, जो वातावरण को और आनंददायक बना देती है। इसलिए किसान भाई इस दिन पशुधन आदि को नहला–धुला कर पूजा करते हैं। गेहूं आटे को गूंथ कर गोल–गोल बनाकर अरंडी या खम्हार पेड़ के पत्ते में लपेटकर गोधन को औषधि खिलाते हैं। ताकि गोधन को विभिन्न रोगों से बचाया जा सके। गांव में पौनी–पसारी जैसे राऊत व बैगा हर घर के दरवाजे पर नीम की डाली खोंचते हैं।

# जर्जर पानी टंकी को विस्फोट कर ढहाया गया



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन नम्बर 9 की टीम द्वारा जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता के. के. शर्मा, पद्माकर श्रीवास,सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, प्रवीण साहू उप अभियंता अतुल बंसल की उपस्थिति में ड्रिलिंग एंड ब्लास्टिंग इंजिनियर के माध्यम से उनके निर्देशन में जोन 9 क्षेत्र के तहत कचना हाईस्कूल परिसर की अत्यंत जर्जर, खतरनाक हो चुकी अनुपयोगी पानी टंकी को लगभग 2 किलो बारूद ( डायनामाइट ) का उपयोग कर ढहाने की कार्यवाही हाईस्कूल के बच्चों, शिक्षक – शिक्षिकाओं, स्टॉफ सहित नागरिकों की जीवन सुरक्षा की दृष्टि से की गयी. स्कूल परिसर में अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक पानी टंकी होने से अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई थी, स्कूल प्रबंधन के अनुरोध पर रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 की टीम ने आज ड्रिलिंग एंड ब्लास्टिंग इंजिनियर के माध्यम से कचना हाईस्कूल परिसर की अत्यंत जर्जर, खतरनाक अनुपयोगी हो चुकी पानी टंकी को बारूद के उपयोग से जनजीवन सुरक्षा की दृष्टि से ढहा दिया गया.

प्रतिदिन राजधानी
सोमवार 5, अगस्त 2024

# नए कानूनों के शीर्षक में ही दंड की प्रधानता

*वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से आहत होकर अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों और उनके मददगारों को दंड देने की दृष्टि से अनेक औपनिवेशिक कानून लागू किए थे। इनमें प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं।*

*1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। इन कानूनों के शीर्षक में ही 'दंड' की प्रधानता है। मसलन, इन कानूनों की चपेट में जो भी आएगा उसे दंडित होना ही पड़ेगा। दंड के मनोविज्ञान से ही निर्दोष भयभीत हो जाया करते हैं। इस भय से मुक्ति का प्रावधान करने की दृशि से 'न्याय' शब्द का प्रयोग कानून के शीषकों में किया गया है। न्याय शब्द ही इस अर्थ का प्रतीक है कि यदि आपसे भूलवश कोई अपराध हो भी गया है तो*



फिरंगी हुकूमत ने कानून भारतीयों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए थे, जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सरोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। इसीलिए भारतीय न्याय व्यवस्था के सिलसिले में कहा जाता रहा है कि यहां न्याय नहीं निराकरण होता है। नये कानूनों के लागू होने के साथ दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता निहित कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच पण्रकिए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना भी था। कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। नये कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। नये कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नये कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है। कुछ प्रचलित धाराओं की संख्या भी बदली गई है। प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कहा जाएगा।

164 साल पुरानी आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जो बीएनएस-2023 में 358 रह जाएंगी। इसमें 21 नये अपराध जुड़े हैं, और 41 धाराओं में सजा बढ़ाई गई है। पहली बार छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा जोड़ी गई है। साफ है, पीड़ितों के साथ न्याय पर फोकस किया गया है। 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) कहा जाएगा। इसमें 47 नई धाराओं के साथ अब कुल 531 धाराएं होंगी। पहले धारा 154 में होने वाली प्राथमिकी नये कानून के तहत धारा-173 में दर्ज की जाएगी। अब पुराने कानून दंड प्रक्रिया संहिता में से 'दंड को हटाकर नागरिक सुरक्षा पर जोर दिया गया है, 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। पुराने कानून में 167 धाराएं थीं, जो अब 170 रह गई हैं। इस कानून को तकनीक और फॉरेंसिक आधार पर तैयार किया गया है ताकि सजा का प्रतिशत 90 प्रतिशत तक पहुंच जाए। बढ़ते साइबर अपराधों के संदर्भ में इस कानून की अहम भूमिका जताई जा रही है।

नये प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है।

## सम्पादकीय

### संस्कृति को बचाना, बढ़ावा देना तो अच्छी बात है...

राजनीति से कोई क्षेत्र अछूता नहीं रह गया है, यहां तक कि लोकपर्व को लेकर भी राजनीति की जाती है, श्रेय लिया जाता है कि देखो हमने शुरू किया था, देखो यह तो हमारी नकल कर रहे है। यदि किसी एक राजनीतिक दल ने खुद को छत्तीसढ़िया सीएम बताने के लिए राज्य के पर्व, तिहार उसने सीएम निवास में भव्य आयोजन कर मनाना शुरू किया था तो उनके बाद वाले सीएम को खुद को छत्तीसढ़िया सीएम बताने के लिए पहले से भी भव्य आयोजन करना जरूरी हो जाता है। अगर वह नहीं करते हैं तो कहा जाएगा पहले सीएम वाकई खांटी छत्तीसगढ़िया सीएम थे तब ही तो वह राज्य की परंपरा के अनुरूप अपने घर में छत्तीसगढ़ का पर्व मनाया करते थे और राज्य के लोगों को बुलाया करते थे, वह सीएम तिहार के दिन सीएम आवास को आम लोगों के लिए खोल देते थे, तिहार के दिन सीएम हाउस सीएम नही रह जाता है, वह राज्य के मुखिया का घर बन जाता था, जहां हर कोई सीएस के साथ तिहार मनाने आ सकता था। एक सीएम ने ऐसा किया है तो बाद वाले सीएम को भी खुद को उससे ज्यादा छत्तीसढ़िया बताने के लिए करना पड़ता है,वह नहीं करेंगे तो कहा जाएगा कि यह छत्तीसगढ़िया सीएम नही है, यह छत्तीसगढ़िया संस्कृति को बचाने व बढ़ावा देने वाला नहीं है। हरेली का तिहार लोकपर्व है, माना जाता है कि इस दिन से राज्य में पर्व मनाना शुरू होता है,यह राज्य का पहला पर्व होता है, इसके बाद सारे पर्व मनाए जाते हैं। राज्य में भूपेश बघेल ने सीएम निवास में हरेली आदि तिहार धूमधाम से मनाना शुरू किया था इसलिए साय सरकार के लिए इस परंपरा को बनाए रखना जरूरी हो गया और सीएम साय के निवास में भी हरेली के तिहार पर भव्य आयोजन किया गया, परंपरा के अनुरास पूजा पाठ किया गया।छत्तीसगढ़िया पकवान बनाए गए, सब कुछ किया गया जो एक आम छत्तीसगढ़िया घर में किया जाता है। ऐसा किया गया तो कांग्रेस की तरफ से कहा जाएगा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की नकल की है. अगर भाजपा सरकार नहीं करती तो कांग्रेस कहती कि सही मायने भूपेश सरकार ही खांटी छत्तीसगढ़िया सरकार थी, भूपेश बघेल ही छत्तीसगढ़िया संस्कृति व तिहार को बढ़ावा देने वाले , उसकी रक्षा करने वाले थे। राजनीति में खुद तो दूसरे से हर क्षेत्र मे बेहतर साबित करना पड़ता है इसलिए कई बार वह सब करना पड़ता है जो जरूरी नहीं होता है।पर्व व तिहार तो लोक के होते हैं। इसके लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए और ऐसे आयोजन करना चाहिए जिसमें बढ़ी संख्या में लोग शामिल हो, तिहार मे आपस में मिले जुलें, एक दूसरे के लिए मगलकामना करे। स्थानीय खेलों का प्रतियोगिता करानी चाहिए, पंरपरा गेड़ी चढ़ने की है तो इस परपरा को बनाए रघने का प्रयास होना चाहिए। पौधे लगाए जाते हैं तो पौधे जरूर लगना चाहिए। इसके लिए सरकार को सामाजिक संगठन जैसा सहयोग चाहते है, जरूर करना चाहिए। राज्य एक परिवार है तो सीएम उसके मुखिया है, जैसे हर तिहार में मुखिया की जैसी भूमिका होनी चाहिए, वैसी राज्य के तिहार में सीएम की होनी चाहिए। उन्हें राज्य के लोगों की बीच तिहार मनाना चारिए। इससे जनता व सीएम के बीच की दूरी कम होती है। लोगों को लगता है कि हमारे बीच तिहार मनाने वाला सीएम हमारा सीएम है। जनता व सीएम के बीच दूरी कम होती है, उनके बीच सहज संवाद होता है, जनता वह सब कह सकती है जो वह आम तौर पर दूरी रहने पर कह नहीं पाती है। सीएम व जनता के बीच दूरी कम करने के जितने प्रयास हो सकते हैं किए जाने चाहिए,जरूरी नहीं है कि एक सीएम ने जैसा किया है, दूसरा सीएम भी वैसा ही करे। वह और कुछ नया कर सकता है। वह और कुछ नया सोच सकता है। एक सीएम यदि सीएम हाउस में आयोजन कर लोगों को अपने घर बुलाता है तो दूसरा सीएम हरेली पर लोगों के घर जाकर उनको हरेली की शुभकामना दे

## राहुल को युद्ध और हिंसा की सचाई समझना होगा

देशवासियों को बेसब्री से इंतजार था और दिलचस्पी भी थी कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहली बार राहुल गांधी सदन में कौन-सा नया विचार रखेंगे। कौन-कौन से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दे हैं जिनसे सरकार और प्रधानमंत्री को असहज करेंगे। इतिहास ने उन्हें करोड़ों देशवासियों का दिल जीतने का अवसर दिया था लेकिन उन्होंने ऐतिहासिक अवसर को गंवा दिया। राहुल खुद को 'एंगरी यंगमैन' के रूप में पेश करते हुए भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कह गए कि जो लोग खुद को हिन्दू कहते हैं, वे चौबीस घंटे हिंसा, नफरत और झूठी बातें करते रहते हैं।



देश के समूचे हिन्दू समाज को हिंसक बताकर बहुसंख्यक आबादी को न केवल नाराज किया, बल्कि अपमानित भी कर दिया। जब प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना गलत है, यह गंभीर विषय है। इसके बाद राहुल को समझ में आया कि वह गलती कर बैठे हैं और अपनी गलती को सुधारते हुए उन्हें कहना पड़ा कि वह भाजपा के बारे में बोल रहे थे। भाजपा, आरएसएस या प्रधानमंत्री मोदी पूरा हिन्दू समाज नहीं हैं।

सबसे दिलचस्प बात यह थी कि राहुल भगवान शिव, भगवान बुद्ध, महावीर, गुरुनानक देव की तस्वीर लेकर सदन में आए थे। उन्होंने अपनी बात रखते हुए ईसा मसीह और पैगम्बर मोहम्मद साहिब का भी जिक्र किया और कहा कि ये सभी अभय मुद्रा में हैं। यह सच है कि इन सभी महापुरुषों ने शांति और अहिंसा का संदेश दिया है और यह भी सच है कि कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं करता। लेकिन राहुल किसी भी महापुरुष के दर्शन और विचार को न परिभाषित कर पाए, न व्याख्यायित कर पाए और न सदन के जरिए देशवासियों को ही समझा पाए।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगी। आज आपके चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना है। आज आप उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण रहेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और कुशलता से अपने कार्यों को करने की जरुरत है। वर्तमान समय में आपने जो नई नीतियां बनाई है, उनसे आपको काफी लाभ मिलने वाला है।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। घर में कोई धार्मिक कार्य संपन्न हो सकता है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्हे मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। पहले से चल रही किसी समस्या से राहत मिल सकती है। आज आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को करेंगे।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। आज आपको आलस करने से बचना चाहिए। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने कार्यों को पूरा करने में लगे रहेंगे। इससे बॉस आपसे प्रसन्न होंगे। आज घर में सुख-शांति भरा माहौल रहेगा।

कन्या राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाएं बनेगी। अगर कोई कानूनी समस्या चल रही है तो आज उसका समाधान मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा राजनीतिज्ञ के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होगी, लोग आपको बधाई देंगे। आज आपका व्यापारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा। अगर सरकारी अथवा कोर्ट के संबंधी कोई मामला फंसा हुआ है तो आज उसमें सफलता मिलने की संभावना है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल मिलेगा। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बनायेंगे। विद्यार्थियों को अपनी सोच में और अधिक सकारात्मकता लाने की जरूरत है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा। आज आपके आपकी कार्यकुशलता और योग्यता की सराहना होगी। आज अपने करियर और पढ़ाई को लेकर सजग रहेंगे।

मकर राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। युवाओं को अपनी नौकरी से संबंधित किसी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कोई कीमती उपहार भी मिल सकता है।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपका कार्य करने का और सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा।इंश्योरेंस और कमीशन के बिजनेस में विशेष सफलता मिलेगी।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा।

## सेहत नामा ...

# बेहद स्वादिष्ट होती है 'फिश बिरयानी', खाकर सभी के मुंह से निकलेगा वाह!

बिरयानी एक ऐसी डिश है, जो देश के हर हिस्से में लोगों को पसंद आती है। वेज हो या नॉन वेज बिरयानी का स्वाद इतना लजीज होता है कि इसे खाने से कोई मना ही नहीं कर पाता। इसलिए ही हर साल 7 जुलाई को मनाया जाता है। बिरयानी वैसे तो कई तरीकों से बनाई जाती है। शाकाहारी लोग वेज बिरयानी का लुत्फलेते हैं, तो वहीं नॉन वेजिटेरियन चिकन बिरयानी, मटन बिरयानी, अंडा बिरयानी और भी कई तरह की बिरयानी का आनंद लेते हैं। ऐसे में आप भी अपने घर पर शानदार बिरयानी का आनंद लेना चाहते हैं, तो हम आपको आज फिश बिरयानी बनाने की बेहद आसान रेसिपी बताने वाले हैं, जिसके स्टेप फॉलो करके आप भी घर बैठे बिरयानी का मजा ले सकते हैं। मछली बिरयानी को बनाना चिकन और मटन बिरयानी से आसान बोता है, इसलिए इसे बनाना आपके लिए काफी आसान होगा। मछली से बनी होने की वजह से फिश लवर्स को यह बिरयानी ज्यादा पसंद आएगी।



**सामग्री:**

250 ग्राम फिश के टुकड़े
3 हरी इलायची
1 तेज पत्ता
1 दालचीनी की छड़ी
1 चम्मच अदरक का पेस्ट
1/4 कप घी
1 कप चावल
1/2 कप नारियल
1/2 कप काजू
5 लौंग
1 काली इलायची
1 हरी मिर्च
1 चम्मच लहसुन का पेस्ट
1 चम्मच हल्दी
1 चम्मच गरम मसाला पाउडर
नमक आवश्यकतानुसार

**विधि:**

चावल को धोकर उन्हें आधा पका ले और एक तरफ रख दें।

इसके बाद मछली के टुकड़ों को धोकर एक तरफ रख दें। इन टुकड़ों का आकार आप अपनी मर्जी से बड़े या छोटे रख सकते हैं।

अब एक गहरे तले का पैन लें और उसमें घी डालें।


जब घी गर्म हो जाए, तो इसमें इलायची, तेजपत्ता, हरी मिर्च, लौंग, दालचीनी और कटे हुए काजू डालें। 2-3 मिनट बाद इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट, हल्दी पाउडर, नमक डालें और 2 मिनट तक पकाएं।

मसाले की कच्ची महक जाने तक धीमी आंच पर पकाएं। फिर इसमें मछली के टुकड़े डालें और दोनों तरफसे अच्छी तरह भूरे होने तक पकाएं।

अब चावल और कसा हुआ नारियल डालें धीरे से मिलाएं। इस के साथ ही, गरम मसाला पाउडर मिलाएं। अब इसमें थोड़ा-सा पानी डालें और ढककर धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकाएं। अपनी पसंद के रायते और सलाद के साथ गरमा-गरम परोसें।

## शरीर में पानी की कमी नहीं होने देंगी ये ड्रिंक्स

मानसून आने के साथ ही अगर आप भी पानी पीने पर कम ध्यान दे रहे हैं, तो सावधान हो जाने की जरूरत है। इससे न सिर्फशरीर को डिहाइड्रेशन का सामना करने पर मजबूर होना पड़ता है, बल्कि एनर्जी लेवल भी डाउन चला जाता है। ऐसे में, आज हम आपको कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ ही मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने में भी काफी फायदा देंगी। आइए जानें।



**अनार का जूस**

विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन ई से भरपूर अनार का जूस पाचन के लिहाज से काफी फायदेमंद होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीवायरल प्रॉपर्टीज भी खूब होती हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद हैं। अगर आप भी शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहते हैं, तो इस जूस को अपने मॉर्निंग ब्रेकफास्ट में जरूर शामिल कर सकते हैं।

**नींबू से बनी ड्रिंक्स**

शरीर में पानी की कमी को दूर करने के लिए और एनर्जी के लेवल को मेंटेन करने के लिए आप नींबू से बनी ड्रिंक्स भी पी सकते हैं, जैसे- शिकंजी या नींबू पानी। बता दें, यह शरीर को इंस्टेंट एनर्जी तो देता ही है, साथ ही पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाने का काम करता है।

**तरबूज का जूस**

गर्मियों में मिलने वाला तरबूज शरीर को हाइड्रेट रखने के लिहाज से काफी गुणकारी माना जाता है। आप इससे बनी ड्रिंक्स से अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं। पोटेशियम से भरपूर होने के कारण यह डाइजेशन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है और शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होने देता है।

**केले का शेक**

फाइबर, मैग्नीशियम, आयरन और कई जरूरी विटामिन्स से भरपूर केले का सेवन भी शरीर को एनर्जी देने का काम करता है। इससे बना शेक न सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखता है, बल्कि दिनभर थकान और कमजोरी से भी बचाता है। दूध और ड्राई फ्रूट्स की मदद से तैयार इस शेक को भी आप अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

## लूज मोशन से राहत पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

बाहर से खरीदा खाना या घर पर ज्यादा तीखे या मसालेदार व्यंजनों का लुत्फ उठाना हर किसी को पसंद आता है, लेकिन इसके कारण जब पेट में बैक्टीरिया पनप जाते हैं, तो लूज मोशन की समस्या देखने को मिलती है।कंटैमिनेटेड फूड या अस्वच्छ पानी के सेवन से अगर आपको भी लूज मोशन की परेशानी पैदा हो गई है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। अलग-अलग लोगों के लिए इसके कारण भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, लेकिन आज हम बात करेंगे इसे दूर करने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में। आइए जानें।



लूज मोशन होने पर क्या करें?

डॉक्टर्स बताते हैं कि लूज मोशन रोकने के लिए दवाओं का सेवन तब तक नहीं करना चाहिए, जब तक परेशानी ज्यादा बड़ी न हो। यह पेट को साफ करने का काम करते हैं, जिसमें किसी भी तरह के इन्फेक्शन या गंदगी को शरीर नेचुरली बाहर करने का काम करता है। हालांकि, ऐसे में आप इससे राहत पाने के लिए घर पर ही कुछ आसान तरीके आजमा सकते हैं। जैसे- जीरा और अजवाइन को तवे पर भूनकर इसे

# राजधानी की खबरें

## कृषि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 437 सीटें आबंटित

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की 458 सीटों में से 437 सीटें काउंसलिंग के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आबंटित कर दी गई हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 की प्रावीण्य सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को प्रोविजनल सीट एवं महाविद्यालय का आबंटन किया जा चुका है। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कृषि महाविद्यालय, रायपुर में किया जा रहा है। आबंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित करने हेतु अभ्यर्थियों को 01 से 03 अगस्त के मध्य ऑनलाइन फीस जमा करना अनिवार्य होगा। सीट सुरक्षित करने के पश्चात अभ्यर्थी सीट निरस्त करना चाहता है और आगे किसी भी प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहता तो इस हेतु 01 से 04 अगस्त के मध्य सीट निरस्त करना होगा। रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 6 एवं 7 अगस्त को स्पॉट काउंसलिंग तथा 8 अगस्त को कन्वर्सन काउंसलिंग की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी काउंसलिंग संबंधित दिशा–निर्देशों की अधिक जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट 222.द्बद्दद्म1.ड्डष्.द्बठ्ठ का अवलोकन कर सकते हैं।

## पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ का चुनाव कराने श्रवण सिंह ठाकुर को बनाया निर्वाचन अधिकारी

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की आमसभा 31 जुलाई 2024 को संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर के संघ के कार्यों एवं दीर्घ अनुभवों को देखते हुए सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी बनाया गया। उन्हें एक माह के भीतर गुप्त मतदान प्रणाली से निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने का दायित्व सोपा गया



गौरतलाप है कि ठाकुर ने 1 जनवरी 2001 से कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष के पद से कार्यभार ग्रहण कर कर्मचारी हित का काम करते हुए 2002 से 2005 तक विश्वविद्यालय सभा का कुल सांसद रहे इन 3 वर्षों में सभा के सलाहकार होने के नाते संस्था एवं कर्मचारी हित में 36 पत्र राजभवन एवं राज्य शासन को दिया जिसमें शिक्षकों की भर्ती में छत्तीसगढ़ के योग्य एवं प्रतिभावान उम्मीदवारों की योग्यता को प्रथम प्राथमिकता देने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की भर्तियों में प्राथमिकता देने की मांग पर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी का आशीर्वाद मिला प्रदेश के पूर्व राज्यपाल दिनेश नंदन सहाय ने मांगों को सही माना और आपराधिक प्रकरण वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों में भेदभाव , भवन निर्माण की गुणवत्ता में कमीशन खोरी की जांच शिक्षा में गुणवत्ता जैसे अनेक प्रकरणों पर राज्य शासन से शिकायत कर जांच करने एवं दोषियों को दंडित करने की मांग पर राज्य शासन ने 2005 में विश्वविद्यालय सभा को ही समाप्त कर दिया था ।2005 से 2008 तक संघ के अध्यक्ष के साथ साथ अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के एग्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में कार्य करते हुए आंध्र प्रदेश एवं दिल्ली जैसे शहरों में जाकर अपने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर विश्वविद्यालय कर्मचारी की समस्याओं के निदान करने हेतु प्रयास किया 2009 से फिर से संघ के अध्यक्ष का

## हरियाली और समृद्धि का संदेश लेकर आया हरेली पर्व उद्योग मंत्री देवांगन

◆ **बालकोनगर में आयोजित हरेली उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री देवांगन छत्तीसगढ़ महतारी, गेड़ी की पूजा अर्चना की**

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

कोरबा के बालकोनगर के रामलीला मैदान में सार्वजनिक हरेली आयोजन समिति द्वारा आयोजित हरेली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कृषि औजारों और गेड़ी की पूजा कर परंपरागत रूप से हरेली त्योहार मनाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा–अर्चना कर अच्छी फसल और किसानों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेश के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर आम नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली त्यौहार का



छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान भाई नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते है, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा–भरा बनाये रखने के लिए पेड़–पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है।

मंत्री देवांगन ने आयोजक समिति को हरेली आयोजन के लिए प्रतिवर्ष 50 हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा की हमारे आने वाली पीढ़ी को इस पर्व की जानकारी होने चाहिए। आप सभी के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसकी जितनी भी सराहना की जाए उतनी भी कम है। मंत्री देवांगन ने आयोजक समिति से आने वाले वर्ष में ओर भी भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने सांस्कृतिक नृत्य, मटका फोड़, गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों को पुरुस्कृत कर उनका हौसला अफ्जाई किया।

इस अवसर पर वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, बालको मंडल के अध्यक्ष शिव बालक तोमर, सत्येंद्र दूबे, पार्षद लुकेश्वर चौहान, समिति के सदस्य अशोक पटेल, अमर साहू, जितेंद्र वर्मा, धरम साहू समेत अन्य उपस्थित रहे।

## श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया हरेली त्यौहार दूधाधारी मठ में



**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। दूधाधारी मठ में हरेली का त्यौहार बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर कृषि यंत्रों को परंपरागत रूप से साफ–सफाई करके पूजा स्थल पर सजाया गया। विधिवत पूजा अर्चना करके मिष्ठान का भोग लगाया गया। आरती, स्तुति गान संपन्न होने के पश्चात श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। दूधाधारी मठ पीठाधीश्वर राजेमहन्त रामसुन्दर दास महाराज ने अपने संदेश में कहा कि–छत्तीसगढ़ राज्य में हरेली का त्यौहार बड़े ही हर्सोल्लास पूर्वक मनाया जाता है। इस दिन कृषि कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले कृषि यंत्रों के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित की जाती है। उन्हें साफसफाई करके सुरक्षित रखा जाता है। गौ माता एवं गौवंशियों की भी पूजा की जाती है,गांवों में गेंड़ी चढ़ने की परंपरा है, लोग नारियल पर शर्त भी लगते हैं। हरेली त्यौहार से छत्तीसगढ़ में त्योहारों की लंबी श्रृंखला प्रारंभ होती है, हरेली से लेकर देव उठनी एकादशी तक लगभग प्रत्येक दिन कोई न कोई त्यौहार होता है। उन्होंने हरेली पर्व पर संपूर्ण देशवासियों को शुभकामनाओं सहित बधाई दी है।

## एनआईटी रायपुर ने ऑर्गन डोनेशन एंड बेसिक लाइफ सपोर्ट पर किया जागरूकता सत्र का आयोजन

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के डीन फैकल्टी वेलफेयर ऑफिस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के साथ–साथ सहयोग – मेंटरशिप क्लब ने 2 अगस्त 2024 को ऑर्गन डोनेशन एंड बेसिक लाइफ सपोर्ट पर एक ज्ञानवर्धक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. त्रिपाठी, निदेशक (प्रभारी), एनआईटी रायपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. सान्याल, डीन (संकाय कल्याण) रहे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एल. सिन्हा, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, कंप्यूटर एप्लीकेशन की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका त्रिपाठी, आशीर्वाद सोशल ग्रुप की कोर सदस्य श्रीमती ज्योति राव, श्रीमती जयश्री ढेकने के साथ–साथ संकाय सदस्य और छात्र भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। एन.ए.बी. दृष्टिबाधित बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती हेमलता मिश्रा और संकाय सदस्य वंदना भी इस दौरान उपस्थित रहे, साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में रामकृष्ण केयर अस्पताल से डॉ. अजीत कुमार मिश्रा और डॉ संतोष कुमार मिश्रा तथा सुमित फाउंडेशन से रविन्द्र सिंह शास्त्री भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वयन माइनिंग इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आशीष कुमार दास और आईटी की सहायक प्रोफेसर डॉ. मृदु साहू ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष अतिथियों को पौधे भेंट करने के साथ हुई, जिसके बाद प्रेरणा नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक मधुर गीत प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था गिर कर उठना उठकर चलना यह नियम है संसार का, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया।



डॉ. त्रिपाठी ने हिंदू पौराणिक कथाओं से प्रेरणा लेते हुए ऋषि दधीचि का उदाहरण दिया कि कैसे उन्होंने एक राक्षस को हराने में अपनी हड्डियों से हथियार बनाने के लिए निस्वार्थ कार्य किया था। डॉ. सान्याल ने उल्लेख किया कि चूंकि एनआईटी में बड़ी संख्या में लोग हैं, इसलिए यह हमारा कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक लोगों के बीच अंग दान के लिए जागरूकता बढ़ाएं। डॉ. सिन्हा ने कहा कि मृत्यु के बाद, हम अपने अंगों को दान करके अपनी विरासत को करुणा में बदलकर दूसरों का समर्थन करना जारी रख सकते हैं। डॉ. अजीत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अंग दान लोगों को अपने उपहारों के माध्यम से जीवित रहने देता है, क्योंकि एक दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जन शिकायत पखवाड़े में हिस्सा लिया



**रायपुर**,प्रतिदिन राजधानी ।उप मुख्यमंत्री अरुण साव 4 अगस्त को नगरीय निकाय के चल रहे जन शिकायत पखवाड़े में हिस्सा लिया और पखवाड़े में नागरिकों से चर्चा कर पखवाड़े का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री ने हरेली त्योहार के अवसर पर गेड़ी नंगर की पूजा की और उद्यान में इस अवसर पर जन मानस की खुशहाली हेतु पवित्र हरिशंकारी का पौधा रोपित किया। हरिशंकरीय के पौधे कीहरिशंकरी का अर्थ होता है भगवान विष्णु और शंकर की छायावली होता है. मत्स्य पुराण में भी हरिशंकरी से जुड़ी कथा का उल्लेख है. पुराण के अनुसार पार्वती जी के श्राप से भगवान विष्णु पीपल, भगवान शिव बरगद और ब्रह्मा पलाश वृक्ष बन गए. इसीलिए पीपल, बरगद व पाकड़ के सम्मिलित रोपण को 'हरिशंकरी' कहते हैं. पौराणिक मान्यता के अनुसार पाकड़ को वनस्पति जगत का नायक कहा जाता है. वैदिक अनुष्ठान व हवन आदि में इसकी ख़ास अहमियत होती है.

एक तने के रूप में नजर आते हैं तीन वृक्ष

हरिशंकरी वृक्ष तैयार करना एक अत्यंत पुण्य व परोपकारी काम माना जाता है. हरिशंकरी के तीनों पौधों अर्थात पीपल, बरगद और पाकड़ को एक ही

## स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने राज्य सरकार के साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी: सीएम साय



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ–साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से अब तक प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, लेकिन अभी भी काफी कुछ करने की जरूरत है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश के नागरिकों को विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के मरीजों को भी अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री साय आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाने के पास रिंग रोड नंबर 1 के समीप 'बेस्ट ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल' का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अस्पताल छत्तीसगढ़ के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधाएं मुहैया कराएगा। आज राजधानी रायपुर में हड्डी रोग के इलाज के लिए एक और अच्छी सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने सभी लोगों को हरेली की शुभकामनाएं और बधाई दीं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें जरूरतमंद मरीजों को पांच लाख रूपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को इलाज कराने के लिए वे अपने सार्वजनिक जीवन के आरंभ से ही सक्रिय रहे हैं। सांसद विधायक और केन्द्रीय राज्य मंत्री रहते हुए उन्होंने अनेक मरीजों का इलाज कराया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री राहत कोष के माध्यम से इलाज के लिए राशि स्वीकृत होने पर सात दिन के अंदर संबंधित अस्पताल को राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से आग्रह किया कि आने वाले समय में जरूरतमंद मरीजों को राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत इलाज के लिए इस अस्पताल में भी भेजा जाएगा। उम्मीद है कि ऐसे मरीजों को यहां अच्छे इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। विधायक मोती लाल साहू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया और लोगों को रायपुर में हड्डी रोग के इलाज के लिए उत्कृष्ट हास्पिटल की स्थापना पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। अस्पताल के संचालकों ने अस्पताल में हड्डी रोग चिकित्सा की आधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, वार्ड पार्षद श्रीमती शीतल, हॉस्पिटल के डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. रोहित कनोई, डॉ. सुनील देवांगन, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

## महापौर ढेबर आज बुलाई नगर निगम एमआईसी की बैठक

**रायपुर,**प्रतिदिन राजधानी। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा दिनांक 5 अगस्त 2024 सोमवार को संध्या 4 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीप तल सभाकक्ष में मेयर इन काउंसिल ( एमआईसी) की बैठक आहुत की है. उक्त जानकारी नगर निगम रायपुर के सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने दी है.



**रायपुर,**प्रतिदिन राजधानी। महापौर एजाज ढेबर निगम सभापति प्रमोद दुबे योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा एवं एमआईसी के सदस्यों की उपस्थिती में आजादी का महोत्सव पर आधारित पोस्टर को विमोचन किया गया ।

## धारदार चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

राजधानी पुलिस की टीम ने धारदार हथियार के साथ आम लोगों को धमकाने की शिकायत पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि टिकरापारा को मुखबीर के जरिये सूचना प्राप्त हुई की मठपुरैना ठाकुर देव मंदिर तालाब पार के पास एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश देवांगन, तथा थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक मनोज कुमार साहू को घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी टिकरापारा द्वारा संयुक्त टीम तैयार किया गया टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार कर आरोपी खीरसिधु नायक पिता शत्रुघन नायक उम्र 23 साल निवासी मठपुरैना बीएसयूपी कालोनी ब्लाक नंबर 15 मकान नंबर 14 थाना टिकरापारा रायपुर के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध 614/24 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।



# क्राईम रिपोर्ट

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही से हुई थी नवजात की मौत, महिला डॉक्टर पर मामला दर्ज

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

राजधानी रायपुर के उरला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रमें 1 जुलाई को नवजात शिशु की मौत हुई थी, वही इस मामले में पुलिस ने डॉक्टर पूनम सरकार के खिलाफ इलाज में लापरवाही से मौत के तहत धारा 106 का केस दर्ज किया है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि महिला डॉक्टर ने प्रसव के दौरान लापरवाही बरती। बताया जा रहा है कि गर्भवती महिला में एनीमिक का लक्षण होने के बाद भी प्रसव के पहले उसका ब्लड टेस्ट नहीं कराया। कोई दवा भी नहीं दी। बच्चे का सिर बाहर आ गया था, लेकिन डॉक्टर ने किसी भी नर्सिंग स्टाफ को मदद के लिए नहीं बुलाया। क्योंकि महिला डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के बीच विवाद था। वह अकेले ही प्रसव का प्रयास करती रही इससे बच्चा मां के गर्भ में ही फंस गया और उसकी मौत हो गई। नवजात की मौत के बाद परिजनों ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही की शिकायत की। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच के लिए कमेटी बनाई गई थी।






## गोंदवारा रेलवे फाटक पर युवक ने की खुदकुशी, मचा हड़कंप

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी ।रायपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। गोंदवारा रेलवे फाटक पर एक युवक ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने पर युवक की पत्नी घटना स्थल पर पहुंची और फूट–फुटकर रोने लगी.इस घटना के बाद से चारों तरफ सनसनी फैली हुई है. और आसपास के लोग घटनास्थल पर मौजूद है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वही इस घटना की जानकरी पुलिस को दे दी गई है। जहा पुलिस जाँच में जुट गई है.

## आदतन बदमाश गिरफ्तार




**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। शहर के नहर पारा इलाके से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जो आदतन बदमाश बताया जा रहा हैं जिसके खिलाफ काफी मामले दर्ज है । पुलिस ने बताया कि अधिवक्ता अनिमेश मंडल अपने बच्वें को स्कूल लेने जा रहा था उसी दौरान जैन गर्ल्स हास्टल के पास नहर पारा में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा आने जाने वाले लोगो को गाली गुप्तार कर धक्कामुक्की कर रहा था जिसें प्रार्थिया के पति अपनी मोटर सायकल को रोक कर उस अज्ञात व्यक्ति को ऐसा करने से मना किया जिस पर अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थिया के प्रति उपर हत्या करने के नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से उनके ऑख के नीचे मारकर चोंट पहुंचा दिया की रिपोर्ट पर अपराध कमांक 613/24 धारा 296, 115(2), 109 भा0न्याय0 संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

## डिप्टी डायरेक्टर हुए ठगी के शिकार

**बिलासपुर-रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

सरकंडा क्षेत्र के मोपका में रहने वाले विष्णु केडिया रोजगार नियोजन विभाग में डिप्टी डायरेक्टर हैं। उनकी पोस्टिंग मंत्रालय में है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे अपने बैंक खाते का आनलाइन केवाइसी कराने के लिए इंटरनेट साइट पर सर्च कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक साइट पर जाकर आनलाइन केवाइसी कराने कोशिश की। इस दौरान उनके मोबाइल पर केवाइसी कराने के लिए वाट्सएप पर लिंक भेजकर एप डाउनलोड करने कहा गया। एप डाउनलोड कर जैसे ही अधिकारी ने अपने बैंक डिटेल अपलोड किया उनके खाते से छह लाख रुपये पार हो गए। अधिकारी ने तत्काल इसकी सूचना अपने बैंक को देकर खाता होल्ड कराया। साथ ही साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मामले की शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस ने आइपीसी की धारा 420 और आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस साइबर सेल के सहारे जालसाजों की तलाश कर रही है।



# अनन्या पांडे ने बॉडीकॉन ड्रेस में शेयर की खूबसूरत तस्वीर



अनन्या पांडे ने महज 18 साल की उम्र में बॉलीवुड में डेब्यू किया था और बड़े पर्दे पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। अब तक उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में भी काम किया है। इन दिनों अभिनेत्री अपनी हालिया तस्वीरों को लेकर चर्चा में हैं, जिसके चलते उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जा रहा है। इन फोटोज को देखकर यूजर्स का कहना है कि वह काफी बदली-बदली नजर आ रही हैं।

अनन्या पांडे अभिनेता आदित्य रॉय कपूर संग अपने ब्रेकअप के बाद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और इस गम से उबरने की पूरी-पूरी कोशिश कर रही हैं। ऐसे मे अभिनेत्री अपने काम के साथ-साथ दोस्तों के साथ वक्त गुजार रही हैं और पार्टीज भी कर रही हैं।

अब हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की, जिसमें वह ग्रे कलर की बॉडीफीट ड्रेस में नजर आ रही हैं। इसके साथ सटल मेकअप और बन हेयरस्टाइल लुक कैरी किया था। इस दौरान अनन्या को अपना ये लुक बेहद पसंद आया और उन्होंने मिरर सेल्फी ली और कैप्शन में लिखा- गर्ल्स नाइट।

एक्ट्रेस की फोटो पर एक यूजर ने लिखा- ये आपकी बेस्ट फोटो हैं। दूसरे यूजर ने लिखा- माय ड्रीम गर्ल। इसके अलावा कई लोगों ने एक्ट्रेस का नाम हार्दिक पांड्या संग जोड़ा है। बता दें, हार्दिक पांड्या और अनन्या पांडे को अनंत-राधिका की हल्दी सेरेमनी में एक साथ डांस करते देखा गया था। दोनों के वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे। ऐसे में लोगों ने दोनों का नाम एक साथ जोड़ना शुरू कर दिया। बता दें, इसी साल हार्दिक का तलाक हुआ है और अनन्या का ब्रेकअप। वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस अब जल्द ही %कॉल मी बे% ओटीटी सीरीज में नजर आने वाली हैं। जो इशिता मोइत्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित है, जिसमें वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, विहान समत, वरुण सूद, मुस्कान जाफरी, लिसा मिश्रा, निहारिका लायरा दत्त और मिनी माथुर भी दिखाई देने वाले हैं।

# ब्लैक रिवीलिंग आउटफिट पहन निकिता दत्ता ने लगाया ग्लैमर का तड़का



एक्ट्रेस निकिता दत्ता आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड एंड ब्यूटिफुल लुक देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। कबीर सिंह फेम एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर लोग अपने होश खो बैठे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने बेहद ही स्टाइलिश ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, खुले बाल, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

चाहे इडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्ड लुक्स को लेकर इंटरनेट का पारा गर्म करती रहती हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी ज्यादा जबरदस्त है।

# उलझ के आगे चला औरों में कहां दम था का जादू, फिल्म पर हुई नोटों की बारिश




अजय देवगन और तब्बू दोनों फिल्म इंडस्ट्री के मंझे हुए एक्टर्स माने जाते हैं। दोनों ने एक्शन के अलावा रोमांटिक और कॉमेडी फिल्मों में भी अपना दमखम दिखाया है। हाल ही में उनकी मूवी औरों में कहां दम था रिलीज हुई। ये फिल्म लंबे समय से लाइमलाइट में बनी हुई थी। पहले दिन 1.85 करोड़ की ओपनिंग लेने वाली इन मूवी ने शनिवार को इससे ज्यादा ही नोट छापे। ए वेडनेसडे और एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी जैसी फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके नीरज पाण्डेय ने औरों मे कहां दम था का निर्देशन किया है। इस मूवी को पब्लिक और क्रिटिक्स की ओर से एवरेज रिस्पांस मिला। सोशल मीडिया प्रमोशन से ज्यादा ये मूवी वर्ड ऑफ माउथ के भरोसे टिकी है। फिल्म ने काफी कम आंकड़ों के साथ ओपनिंग ली, जिसे 15 वर्षों में अजय देवगन की सबसे कम ओपनिंग मानी गई। हालांकि, दूसरे दिन इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी देखने को मिली है। औरों में कहां दम था में शांतनु महेश्वरी ने अजय देवगन के यंगर वर्जन का रोल किया है। वहीं सई मांजरेकर ने तब्बू के यंगर वर्जन को निभाया है। इस फिल्म ने शनिवार को 2.15 करोड़ की कमाई की।

इससे फिल्म का टोटल बिजनेस 4 करोड़ हो गया है। यह सैकनिल्क द्वारा दिए गए आंकड़े हैं।

# सुनिधि चौहान ने बॉलीवुड में संगीत माफिया पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं- मुझे आज भी कई फिल्मों के लिए पैसे नहीं मिले हैं



दुनिया को अपनी आवाज से दीवाना बनाने वाली बॉलीवुड की मशहूर सुनिधि चौहान इंडस्ट्री की मशहूर सिंगर्स में से एक हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान कई हिट गाने दिए हैं। इतना ही नहीं वह सुनिधि इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली गायिकाओं में से भी एक हैं। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड संगीत माफिया के बारे में खुलकर बात की, जिस पर सिंगर सोनू निगम ने भी कमेंट किया था। सुनिधि चौहान हाल ही में राज शमनी के पॉडकास्ट का हिस्सा बनी थीं। जहां उन्होंने संगीत माफिया के बारे में खुलकर बात की। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जब सिंगर से पूछा गया कि क्या इंडस्ट्री में म्यूजिक माफिया है। तो इस पर उन्होंने कहा- लॉबिंग हर जगह है इसलिए इससे बचा नहीं जा सकता। आप अपना काम करें। आगे सिंगर ने स्वीकार किया कि कई बार गाना रिकॉर्ड करने के बाद सिंगर्स को पैसे नहीं दिए जाते। उन्होंने कहा, 卐जब आप एक कद तक पहुंच जाते हैं तो उन्हें आपको भुगतान करना पड़ता है, क्योंकि आप कह सकते हैं कि जब आप मुझे पैसे देंगे तो ही मैं गाऊंगी।

# राम पोथिनेनिन की फिल्म डबल आईस्मार्ट का दूसरा सिंगल मार मुंथा छोड़ चिंता रिलीज़



उस्ताद राम पोथिनेनिन और डैशिंग डायरेक्टर पुरी जगन्नाथ की सनसनीखेज हिट आईस्मार्ट शंकर अपनी थिएटर रिलीज़ से पहले ही म्यूज़िकल हिट बन गई थी। इसी तरह, इस घातक संयोजन में दूसरी फिल्म का एल्बम भी फिल्म की रिलीज़ से बहुत पहले ही चार्टबस्टर बन गया है। फिल्म डबल आईस्मार्ट जो आईस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी है, उसका संगीत मणि शर्मा ने दिया है, जिन्होंने एक और बड़े पैमाने पर अपील करने वाला फुटटैपिंग एल्बम बनाया है।

पहले सिंगल स्टेप्पा मार को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। आज, फिल्म का दूसरा सिंगल मार मुंथा छोड़ चिंता रिलीज़ किया गया। कसारला श्याम द्वारा लिखे गए गीत अनोखे हैं और एक विशिष्ट हैदराबादी स्लैंग का अनुसरण करते हैं। मणि शर्मा की रचना बहुत ही देशी लोक स्वाद की है जिसमें बहुत ऊँची बीट्स हैं। राहुल सिप्लीगुंज, धनुंजन सीपना और कीर्तना शर्मा की तिकड़ी ने गाने के लिए स्वर दिए हैं, और उनकी आवाज़ें गाने की ऊर्जा के साथ तालमेल बिठाती हैं।

राम की ऊर्जा संक्रामक है और उनके नृत्य देखने लायक हैं। खास तौर पर हुक स्टेप, कुछ ही समय में लोकप्रिय हो जाएगा। राम के साथ थिरकने वाली काव्या थापर ने इस गाने में ग्लैमर का तड़का लगाया, जिसे जीवंत सेटों में जीवंत रूप से फिल्माया गया। पुरी कनेक्ट्स बैनर में पुरी जगन्नाथ और चार्मी कौर द्वारा निर्मित, इस फिल्म में संजय दत्त एक शक्तिशाली भूमिका में हैं और काव्या थापर राम के साथ मुख्य भूमिका में हैं। सैम के नायडू और गियानी गियानेली ने फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संभाली है, जो 15 अगस्त को पूरे भारत में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# नेटफ्लिक्स की राणा नायडू सीजन 2 की शूटिंग शुरू



साउथ सिनेमा के दो सुपरस्टार वेंकटेश और मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में भल्लालदेव का रोल कर चुके एक्टर राणा दग्गुबती ने बीते साल (2023) अपनी ड्रामा सीरीज राणा नायडू से डिजिटल पर्दे पर धमाका मचा दिया था. राणा नायडू नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और ओटीटी के दर्शकों ने इसे खूब प्यार दिया था. राणा नायडू की सक्सेस के बाद से इसके सीजन 2 की चर्चा है. नेटफ्लिक्स ने अपनी मोस्ट अवेटेड सीरीज राणा नायडू के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है. नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है. साथ ही नेटफ्लिक्स ने एक दमदार वीडियो भी शेयर किया है. इस वीडियो से पता चलता है कि राणा नायडू सीजन 2 में अर्जुन रामपाल की एंट्री हो गई है. राणा नायडू सीजन 2 की पहली झलक में सबसे पहले खून से सना एक क्रिकेट बैट दिखता है और इसके बाद राणा दग्गुबती हाथ में गन लिए शोट करते दिखत हैं. एक के सामने कैमरामैन भी दिख रहे हैं. इसके बाद वेंकटेश का सीन आता है, जिसमें वह एक रेसिंग गाड़ी पर दिख रहे हैं. आखिर में बड़े बाल, काला कुर्ता और उसपर गमछा फुल देसी स्टाइल में अर्जुन रामपाल हाथों में लंबी देसी बंदूक थामे निशाना लगाते दिख रहे हैं. राणा नायडू में वेंकटेश, राणा दग्गुबती, प्रिया बनर्जी, सुरवीन चावला, गौरव चोपड़ा, सुशांत सिंह, अभिषेक बनर्जी, राजेश जायस, आशिष विद्यार्थी को अहम रोल में देखा गया था. अब राणा नायडू 2 में अर्जुन रामपाल की एंट्री हो गई है. नेटफ्लिक्स ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वेंकटेश, राणा दग्गुबाती और अर्जुन रामपाल को एक्शन मोड में देखा जा रहा है. इस सीरीज को सुपर्णा वर्मा, अभय चोपड़ा और करण अंशुमन बना रहे हैं. राणा नायडू के बारे में बता दें कि यह साल 2013 में आई अमेरिकन क्राइम टीवी सीरीज रे डोनोवन का ऑफिशियल अडेप्शन है.

# आईफा उत्सवम 2024 में लॉन्च होगा ध्रुव सरजा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी स्टारर केडी-कालिदास का ट्रेलर




केडी-कालीदास का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आईफा उत्सव 2024 में लॉन्च होने वाला है। दो दिवसीय महोत्सव 6 और 7 सितंबर को अबू धाबी के यास द्वीप पर एतिहाद एरिना में आयोजित किया जाएगा।

सुपरस्टार ध्रुव सरजा ने अपने सोशल मीडिया पर यह रोमांचक खबर साझा की, उन्होंने फिल्म का पोस्टर पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 6 और 7 सितंबर को आईफा उत्सव 2024 में केडी-कालीदास के विशेष ट्रेलर लॉन्च के लिए तैयार हो जाइए, केवल अबू धाबी के यास द्वीप पर। अभी अपनी सीटें पकड़ें! आईफा उत्सव में विशेष ट्रेलर लॉन्च केडी-कालीदास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है, जो इसे इस साल के अंत में रिलीज होने से पहले वैश्विक दर्शकों को लुभाने का अवसर प्रदान करेगा।

इस रोमांचक अवसर पर टिप्पणी करते हुए, केडी-कालीदास के लेखक और निर्देशक प्रेम ने अपना उत्साह व्यक्त किया: मैं आईफा उत्सव समारोह के प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर केडी-कालीदास के विशेष ट्रेलर लॉन्च का अनावरण करते हुए बेहद रोमांचित हूँ। इस फिल्म के निर्देशक और लेखक के रूप में, जो राम और रावण के सह-अस्तित्व के समान अच्छे और बुरे के द्वंद्व की खोज करती है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि केडी-कालीदास सिर्फ़ एक खूनी कहानी से कहीं बढ़कर है। इसमें एक रोमांटिक और नैतिक रेखा है। तैयार हो जाइए क्योंकि केडी-कालीदास एक ब्लॉकबस्टर एक्शन थ्रिलर, एक शुद्ध दृश्य तमाशा होने का वादा करती है। केवीएन प्रोडक्शंस के तहत निर्मित, मुझे विश्वास है कि यह इस साल के अंत में सभी पाँच भाषाओं: कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज़ होने के कारण पूरे भारत में धूम मचा देगी। इंतज़ार नहीं कर सकता! यह फिल्म पूरे भारत में धूम मचाने का वादा करती है, जो साल के सबसे रोमांचक सिनेमाई अनुभवों में से एक के लिए मंच तैयार करती है। इसमें ध्रुव सरजा मुख्य भूमिका में हैं और इसमें शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, रमेश अरविंद, संजय दत्त, नोरा फतेही और वी रविचंद्रन जैसे कलाकार शामिल हैं। प्रेम द्वारा लिखित और निर्देशित तथा केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह अखिल भारतीय परियोजना दर्शकों को 1970 के दशक के बैंगलोर की जीवंत सड़कों पर वापस ले जाएगी। ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित एक रोमांचक कहानी के साथ, फिल्म में एक्शन और पीरियड ड्रामा का मिश्रण है। यह एक अखिल भारतीय मनोरंजक फिल्म होगी जिसे तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा।

# मैंने हमेशा अपने बारे में अच्छी अफवाहें सुनी हैं : प्रज्ञा जायसवाल



तेलुगू सिनेमा में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल जल?द ही अपकमिंग फिल?म खेल खेल में से बॉलीवुड में डेब?यू करने जा रही हैं। उन?होंने कहा कि हमेशा उन?होंने अपने बारे में सकारात्मक अफवाहें सुनी हैं और उम्मीद जताई कि ये अफवाहें सच हों।

मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान प्रज्ञा से पूछा गया कि क्या किसी अफवाह ने उनके घर में हलचल मचाई है।

प्रज्ञा ने जवाब दिया, मैंने अपने बारे में कभी कोई नकारात्मक अफवाह नहीं सुनी। मेरे सामने आई सभी अफवाहें अच्छी और सकारात्मक रही हैं।

फिल्म एनबीके 109 के लिए नंदमुरी बालकृष्ण के साथ काम कर रहीं अभिनेत्री ने विभिन्न उद्योगों में काम करने के अपने अनुभव शेयर किए।

प्रज्ञा ने कहा, ये दोनों अनुभव अद्भुत हैं। मैं दो अलग-अलग उद्योगों और भाषाओं में काम करने के लिए आभारी हूं। मैं केवल अच्छी फिल्मों, अच्छी कहानियों का हिस्सा बनने और यादगार किरदार निभाने का प्रयास कर रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे ये अवसर मिल रहे हैं। भाषा मेरे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती। मैं सिर्फ अच्छा काम करना चाहती हूं।

खेल खेल में अक्षय कुमार, एमी विर्क, वाणी कपूर, तापसी पन्नू, फरदीन खान, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल हैं। यह बॉक्स ऑफिस पर स्त्री 2 को टक?कर देगी।

टी-सीरीज फिल्म वकाउ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन खेल खेल में मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी. शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है।

यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

००

पेरिस ओलंपिक 2024

# पेरिस ओलंपिक मेडल टैली : शीर्ष पर चीन, भारत 53वें स्थान पर



**एजेंसी,पेरिस**

चीन ने मेडल टैली में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पेरिस ओलंपिक खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उसने अब तक 16 स्वर्ण सहित 37 पदक हासिल किए हैं। आज ओलंपिक का नौवां दिन है। चीन ने 16 स्वर्ण पदकों के अलावा 12 रजत और 9 कांस्य पदक जीते हैं। अमेरिका 14 स्वर्ण, 24 रजत और 23 कांस्य सहित कुल 61 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मेजबान फ्रांस 12 स्वर्ण, 14 रजत और 15 कांस्य पदकों के साथ कुल 41 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया है। ऑस्ट्रेलिया 12 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य के साथ कुल 27 पदकों संग चौथे स्थान पर है। ग्रेट ब्रिटेन 10 स्वर्ण, 10 रजत और 13 कांस्य पदकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

तीन कांस्य पदकों के साथ, भारत तालिका में 53वें स्थान पर खिसक गया।

**टॉप- 5 और भारत:**

1. चीन (16 स्वर्ण , 12 रजत और 9 कांस्य); कुल 37
2. अमेरिका (14 स्वर्ण , 24 रजत और 23 कांस्य); कुल 61
3. फ्रांस ( 12 स्वर्ण , 14 रजत और 15 कांस्य); कुल 41
4. ऑस्ट्रेलिया ( 12 स्वर्ण , 8 रजत और 7 कांस्य); कुल 27
5. ग्रेट ब्रिटेन (10 स्वर्ण, 10 रजत और 13 कांस्य) ; कुल 33

44. भारत (0 स्वर्ण , 0 रजत और 3 कांस्य) पेरिस ओलंपिक 2024 में रविवार यानि 4 अगस्त को भारत के कई खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। इस दिन लवलीना बोरगोहेन को बॉक्सिंग में अपना क्वार्टर फाइनल मैच खेलना है। लक्ष्य सेन सेमीफाइनल मुकाबले में दिखाए देंगे, पुरुष हॉकी टीम को क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ मुकाबला करना है। 4 अगस्त को भारत के पेरिस ओलंपिक शेड्यूल पर एक नजर।

**दोपहर 12:30 बजे-**

गोल्फ: शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर पुरुषों की इंडिविजुअल स्ट्रोक प्ले के राउंड 4 में हिस्सा लेंगे।

निशानेबाजी: अनिष और विजयवीर सिद्धू 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुषों की क्वालीफिकेशन स्टेज 1 में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

दोपहर 1 बजे, निशानेबाजी: महेश्वरी चौहान और राइजा ढिल्लों महिलाओं की स्कीट क्वालिफिकेशन के दूसरे दिन का मैच खेलेंगी। दोपहर 1:30 बजे, हॉकी: भारतीय पुरुष हॉकी टीम क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भिड़ेगी।

दोपहर 1:35 बजे, एथलेटिक्स: पारुल चौधरी महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज के राउंड 1 में भाग लेंगी। दोपहर 2:30 बजे, एथलेटिक्स: जेस्विन अल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद क्वालीफिकेशन में हिस्सा लेंगे।

बॉक्सिंग, दोपहर 3:02 बजे, महिलाओं का 75 किलोग्राम क्वार्टर फाइनल मैच होगा जिसमें पदक की उम्मीद लवलीना बोरगोहेन भाग लेंगी।

बैडमिंटन, में दोपहर 3:30 बजे से पुरुष एकल सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन एक और पदक की उम्मीद हैं।

दोपहर 3:35 बजे, सेलिंग में पुरुषों की डिंगी आईएलसीए 7 - रेस 7 और 8 में विष्णु सरवनन भाग लेंगे।

निशानेबाजी में शाम 4:30 बजे, पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालीफिकेशन - स्टेज 2 में अनीश और विजयवीर सिद्धू हिस्सा लेंगे।

नौकायन में शाम 6:05 बजे, महिलाओं की डिंगी आईएलसीए 6 - रेस 7 और 8 में नेत्रा कुमारन हिस्सा लेंगी।

निशानेबाजी में शाम 7:00 बजे, महिलाओं की स्कीट फाइनल प्रतियोगिता होगी, जिसमें महेश्वरी चौहान और राइजा ढिल्लों हिस्सा लेंगे (यदि वे क्वालीफाई कर पाए)

## जूलियन अल्फ्रेड ने रिचर्डसन को चौंकाकर 100 मीटर का खिताब जीता




पेरिस। जूलियन अल्फ्रेड ने स्टेड डी फ्रांस में प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को 10.72 सेकेंड में महिलाओं की 100 मीटर में हराकर स्वर्ण पदक जीता और सेंट लूसिया को खेलों के इतिहास में अपना पहला ओलंपिक पदक दिलाया। एथेंस 2004 के बाद पहली बार महिलाओं की 100 मीटर में एक नया चैंपियन मिला है, जब जमैका की दिग्गज स्प्रिंट खिलाड़ी शैली-एन फ्रेजर प्राइस चोट के कारण सेमीफाइनल से हट गईं। अल्फ्रेड ने यह जीत अपने दिवंगत पिता को समर्पित की जिनकी 11 साल पहले मृत्यु हो गई थी। सबसे महत्वपूर्ण, भगवान, मेरे कोच और अंत में, मेरे पिता, जिनका मानना था कि मैं यह कर सकती हूं। 2013 में उनका निधन हो गया, और अब वह मुझे मेरे करियर के सबसे बड़े मंच पर नहीं देख सके। लेकिन वह मुझे अपनी बेटी के ओलंपियन होने पर हमेशा गर्व करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन यूएसए की रिचर्डसन ने 10.87 सेकंड के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन मेलिसा जेफरसन ने 10.92 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। अटलांटा 1996 के बाद पहली बार अमेरिकी धावकों ने इस स्पर्धा में दो पदक जीते हैं। दूसरी ओर, फ्रेजर-प्राइस, जो अपना पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेल रही थी, टोक्यो में टीम साथी एलेन थॉम्पसन-हेरा के उपविजेता स्थान के बाद, ओलंपिक खेलों में 100 मीटर में अपना लगातार पांचवां पोडियम फिनिश हासिल करने के लिए प्रयासरत थी। तीन साल पहले 10.60 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ इतिहास की तीसरी सबसे तेज़ महिला, फ्रेज़र-प्राइस ने 2007 विश्व चैंपियनशिप में जमैका की 4×100 मीटर रिले टीम के

## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर वानिंदु हसरंगा



**एजेंसी,कोलंबो**

श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह जेफ्री वेंडरसे को टीम में शामिल किया गया है। हसरंगा ने सीरीज के पहले वनडे मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की थी। भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच से पहले यह खबर श्रीलंका के लिए एक बड़ा झटका है। हसरंगा हैमस्ट्रिंग के कारण भारत के खिलाफ पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 अगस्त को खेला जाएगा। हसरंगा श्रीलंका के लिए स्टार खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने शुक्रवार को पहले मैच में भारत को बराबरी पर रोकने में अहम भूमिका निभाई थी। कप्तान असलांका और हसरंगा ने तीन-तीन विकेट चटकाए थे, जिससे श्रीलंका ने छोटे स्कोर का बचाव किया। श्रीलंका के लिए भारत के खिलाफ यह सीजन अब तक काफी खराब रहा है। टी20 सीरीज में वह 0-3 से हार गई। हालांकि वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार वापसी कर मैच ड्रॉ कराने से लगातार हार झेल रही टीम को आत्मविश्वास जरूर मिला होगा। श्रीलंका के कई खिलाड़ी चोटिल या बीमार होने के कारण वनडे सीरीज से बाहर हैं। भारत के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा चोटिल हो गए थे। श्रीलंका मोहम्मद शिराज और ईशान मलिंगा के रूप में दो नए चेहरों को टीम में जोड़ने के साथ-साथ तीन स्टैंडबाई खिलाड़ियों की भी घोषणा की थी।

## फोबे फ्रैंकलिन ने पकड़ा गजब का कैच




**एजेंसी,नई दिल्ली**

इंग्लैंड में खेले जा रहे द हंड्रेड विमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट में एक से बढ़कर एक मैच देखने को मिल रहे हैं। 14वें मैच में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। वेल्श फायर की खिलाड़ी ने नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में एक शानदार कैच पकड़कर दर्शकों को हैरान कर दिया। दरअसल, द हंड्रेड विमेंस टूर्नामेंट का 14वां मैच वेल्श फायर और ट्रेंट रॉकेट्स के बीच खेला गया। ट्रेंट रॉकेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रन बनाए। ट्रेंट रॉकेट्स की पारी के दौरान वेल्श फायर की खिलाड़ी फोबे फ्रैंकलिन ने भागते हुए अद्भुत कैच पकड़ा। यह घटना ट्रेंट रॉकेट्स की पारी के 7.2 ओवर में घटी। वेल्श फायर की गेंदबाज जॉर्जिया डेविस की गेंद पर नताशा व्रेथ ने स्लॉग करते हुए डीप मिड-विकेट की तरफ हवाई शॉट खेला। बाउंड्री पर खड़ी फोबे फ्रैंकलिन ने भागते हुई आई और हवा में छलांग लगाते हुए शानदार कैच लपका। फोबे फ्रैंकलिन की इस गजब की फील्डिंग देख सब हैरान रह गए। दर्शकों के साथ बल्लेबाज भी हैरान रह गई। आउट होने से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज नताशा व्रेथ ने 24 गेंद पर 28 रन की पारी खेली। जॉर्जिया डेविस ने 23 रन देकर एक विकेट चटकाए। वहीं, फोबे की फील्डिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। मैच की बात करें तो ट्रेंट रॉकेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रन बनाए। कप्तान नैट सिवर ब्रंट ने सर्वाधिक 37 रन की पारी खेली। जेस जोनासन ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेल्श फायर ने 4 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। विकेटकीपर सारा ब्राइस ने नाबाद 51 रन की मैच जिताऊ पारी खेली।

## टीम इंडिया से विराट प्रदर्शन की उम्मीद



**एजेंसी,कोलंबो**

टी20 सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाने वाली टीम इंडिया वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में बुरी तरह फ्लॉप रही। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया वनडे सीरीज का पहला मैच रोमांचक अंदाज में टाई हो गया था। लेकिन टीम इंडिया ने जीत के मुंहाने पर आकर इस मैच को टाई होने दिया था। अब रविवार को खेले जाने वाले दूसरे मैच में टीम इंडिया का फोकस अपनी खामियों को दूर करने पर होगा। टीम इंडिया को स्पिनरों और धीमी पिच से निपटने का तरीका खोजना होगा। पहले वनडे मैच में अच्छी शुरुआत के बावजूद बीच के ओवरों में औसत बल्लेबाजी के कारण भारत अपनी पकड़ बरकरार नहीं रख पाया था। टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाजों को रविवार को अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप खेलना होगा। रोहित शर्मा ने वनडे में लंबे ब्रेक के बाद अपने आक्रामक अंदाज के साथ वापसी की, लेकिन इसके बाद श्रीलंकाई स्पिन गेंदबाजों ने अपनी रणनीति को अच्छी तरह से फील्ड पर साकार किया। विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल धीमी पिच पर स्पिन के खिलाफ दबाव में दिखे। भारतीय बल्लेबाजों को साझेदारी निभाने की जरूरत थी, लेकिन वे इसमें नाकाम रहे। सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले वानिंदु हसरंगा के रूप में श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। स्टार स्पिनर चोटिल होने के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गये हैं। पहले मैच में कुल 18 विकेट गिरे थे और 13 विकेट स्पिनरों ने लिए। इससे साफ जाहिर है कि यहां स्पिनरों के लिए काफी मदद थी। मौसम की बात करें तो कोलंबो में सोमवार को हल्की-फुल्की बारिश की संभावना है।

श्रीलंका के खिलाफ विराट कोहली का रिकॉर्ड शानदार रहा है। पहले वनडे मैच में हसरंगा ने ही उनका विकेट चटकाया था। ऐसे में कहीं न कहीं हसरंगा की कमी श्रीलंकाई टीम को बहुत खलेगी। भारतीय बल्लेबाजों को इस धीमी पिच पर थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। उम्मीद है कि दूसरे वनडे में भी पहले मुकाबले जैसा ही रोमांच देखने को मिलेगा।

# केएल राहुल-अथिया शेट्टी ने साथ मिलकर एक चैरिटी वेंचर का एलान



**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारतीय टीम के क्रिकेटर केएल राहुल और उनकी पत्नी अथिया शेट्टी ने क्रिकेट की कुछ बड़ी हस्तियों के साथ मिलकर विप्ला फाउंडेशन के लिए फंड जुटाने की पहल की है। यह फाउंडेशन पहले सेव द चिल्ड्रन इंडिया के नाम से जाना जाता था और इसका गोल मुंबई के बीकेसी में स्थित विशेष जरूरतों वाले स्कूल की मदद करना है। इस पहल में शामिल होने वाले प्रमुख क्रिकेटर में एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का नाम है।

दरअसल, केएल-अथिया की इस पहल के माध्यम से इन सितारों ने मिलकर विशेष जरूरतों वाले बच्चों की शिक्षा और भलाई के लिए अहम फंड जुटाने का लक्ष्य रखा है। राहुल और अथिया शेट्टी ने एक विशेष क्रिकेट नीलामी का आयोजन किया है, जिसमें क्रिकेट की प्रमुख हस्तियां अपनी फेवरेट चीजें, जैसे जर्सी को डोनेट करेंगी। इस नीलामी के जरिए से वे विप्ला फाउंडेशन के लिए वित्तीय मदद जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। नीलामी 23 अगस्त को होनी है। इस पहल के बारे में बात करते हुए अथिया शेट्टी ने कहा कि विपला फाउंडेशन मेरे बचपन का एक अहम हिस्सा रहा है। मैंने स्कूल के बाद कई दिन बच्चों को पढ़ाने और उनके साथ समय बिताने में बिताए हैं। इस ऑक्शन के जरिए मैं अपनी नानी की विरासत को जारी रखने की उम्मीद करती हूं, जिन्होंने सुनने में असमर्थ और बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के इरादे से विपला फाउंडेशन की शुरुआत की थी।

वहीं, केएल राहुल ने कहा कि स्कूल में मेरा पहला दौरा बहुत इमोशनल था और बच्चों ने मुझे इस महान पल में हर संभव तरीके से योगदान देने के लिए प्रेरित किया, जिसका हिस्सा अथिया का परिवार रहा।

## लक्ष्य सेन सेमीफाइनल मुकाबला हारे, अब कांस्य पदक के लिए खेलेंगे

**एजेंसी,पेरिस**

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल बैडमिंटन स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से चूक गए हैं। लक्ष्य सेन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला हार गए। रविवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में डेनमार्क के एक्सेलसन ने भारतीय स्टार को 22-20, 21-14 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय स्टार लक्ष्य सेन और डेनमार्क के एक्सेलसेन के बीच पहले गेम में जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। दोनों एक-दूसरे पर हावी नजर आए, लेकिन अंत में एक्सेलसन ने वापसी करते हुए पहला गेम 22-20 के अंतर से अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी लक्ष्य सेन ने अच्छी शुरुआत की और बढ़त बनाई, लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख सके। दूसरे गेम में भी लक्ष्य सेन को 14-21 से हार मिली। 22 वर्षीय युवा स्टार लक्ष्य सेन भले ही सेमीफाइनल में हारकर फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके, लेकिन उनके पास अभी भी कांस्य पदक जीतने का मौका है। लक्ष्य सेन अब कांस्य पदक मुकाबला खेलने उतरेंगे। उनका यह मुकाबला मलेशिया के जी जिया ली से होगा।

## राष्ट्रीय रस्साकसी प्रतियोगिता के लिए मुरादाबाद के आठ खिलाड़ी चयनित

**एजेंसी,मुरादाबाद**

जिला रस्साकसी संघ के सचिव शाहवेज अली ने रविवार को बताया कि मुरादाबाद के आठ खिलाड़ियों का चयन उत्तर प्रदेश रस्साकसी टीम में राष्ट्रीय रस्साकासी प्रतियोगिता में हुआ है। राष्ट्रीय रस्साकासी प्रतियोगिता 5 अगस्त से 9 अगस्त तक आगरा जिले में आयोजित होगी।



शाहवेज अली ने बताया कि मार्डर्न पब्लिक स्कूल के आठ खिलाड़ियों का अंडर 19 बालक वर्ग में चयन हुआ है जिसमें समीर, शयान खान, अनस, सरताज मुमताज़, मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद सैफ और मोहम्मद अमान पहली बार रस्साकसी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सऊद आलम व प्रधानाचार्य शकील अहमद ने खिलाड़ियों को बधाई दी व खिलाड़ियों को जीत के साथ वापस आने के लिए मनोबल बढ़ाया।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी का 544 करोड़ रुपये वाला प्लान बी!





**एजेंसी,नई दिल्ली**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। भारत ने पाकिस्तान जाने से साफ इनकार कर दिया है, जबकि पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को पाकिस्तान बुलाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। इन तमाम अटकलों को ध्यान में रखते हुए आईसीसी ने इस चुनौती से निपटने के लिए 544 करोड़ रुपये वाला प्लान बी तैयार किया है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की तैयारी कितनी है? इस पर भी सस्पेंस बना हुआ है। बड़ी बड़ी डींगे हांकने वाला पाकिस्तान हमेशा बातें तो बहुत बड़ी करता है लेकिन जमीनी स्तर की सच्चाई कुछ और होती है। भारत ने अगर पाकिस्तान जाकर चैंपियंस ट्रॉफी खेलने से इनकार किया तो इससे पीसीबी को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे पहले एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल में करवाने को लेकर भी काफी बवाल हुआ था और अंत में पीसीबी को काफी नुकसान उठाना पड़ा। चाहे पाकिस्तान हो या भारत, दोनों ही देश अपनी जिद्द पर अड़े हुए हैं। लेकिन आईसीसी ने कमर कस रखी है। उसकी तैयारी पूरी है। टीम इंडिया अगर चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं गई तो वैसे हालात से निपटने के लिए आईसीसी का 544 करोड़ रुपये वाला प्लान बी तैयार है। आईसीसी ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यदि भारतीय टीम अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार करती है, तो आईसीसी उन सभी संभावनाओं के लिए तैयारी कर रहा है जो चैंपियंस ट्रॉफी के सफल आयोजन के लिए महत्वपूर्ण हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी ने कोलंबो में अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लगभग 65 मिलियन डॉलर (यानि 544 करोड़ रुपये) से भी ज्यादा के बजट को मंजूरी दी है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच आयोजित की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी को आयोजन के लिए मिली रकम में वो खर्च भी कवर है, जो भारत के टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाने से होगा। मतलब, पीसीबी को इतने पैसे मिले हैं कि वो भारत के मैचों का आयोजन पाकिस्तान से बाहर किसी अलग वेन्यू पर कर सकता है। ऐसे में हाइब्रिड मॉडल पर टूर्नामेंट होने की संभावना बढ़ गई है।

# भारतीय मुक्केबाज निशांत देव के साथ ओलंपिक में हुई बेईमानी

**एजेंसी,पेरिस**




पेरिस ओलंपिक 2024 में 3 जुलाई की रात भारतीय मुक्केबाज निशांत देव का 71 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के मार्को वर्डे अल्वारेज़ के साथ मैच था. उम्मीद थी कि निशांत ये मैच जीतकर मुक्केबाजी में देश के लिए पदक जीतने की दिशा में आगे बढ़ेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका लेकिन निशांत अपना मुकाबला 1-4 से हार गए. मैच के बाद निशांत ने कहा कि उन्हें हार का भरोसा नहीं था और मैच रेफरी ने जिस तरह परिणाम घोषित किए हैं वो मेरे लिए विश्वास करने लायक नहीं है. बता दें कि निशांत की हार की वजह रेफरी मंडल के विनाशकारी विभाजित फैसले को बताया जा रहा है. 23 वर्षीय निशांत देव ने शुरुआती राउंड में आसानी से जीत हासिल की और दूसरे राउंड में भी मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे. इस दौरान उन्होंने मैक्सिकन मार्को वर्डे अल्वारेज़ पर कई बड़े जैब हुक लगाए इसके बावजूद जजों ने आश्चर्यजनक रूप से उस राउंड में अल्वारेज़ का पक्ष लिया. इस वजह से वे मुकाबले में 3-2 से आगे हो गए और उनकी ये बढ़त आखिर तक बरकरार रही. फाइनल राउंड की शुरुआत में मार्को वर्डे अल्वारेज़ काफी आक्रामक रहे और निशांत पर रई मुक्के लगाए. भारतीय खिलाड़ी ने मुक्कों से बचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, वे पूरी तरह से थके हुए नज़र आए और उन्होंने जब मुक्का मारने की कोशिश की तो वो काफी धीमा था. इसका फायदा अल्वारेज़ ने फ़ायदा उठाया और जीत हासिल की. सोशल मीडिया पर नॉर्थ पेरिस एरिना में क्वार्टर फ़ाइनल में दूसरे वरीय मैक्सिकन प्रतिद्वंद्वी से निशांत की 1-4 से हार सोशल मीडिया पर प्रशंसकों को पसंद नहीं आई और उन्होंने जजों पर पेरिस ओलंपिक में भारत को पदक दिलाने से इनकार करने का आरोप लगाया.

प्रतिदिन राजधानी
सोमवार, 05 अगस्त 2024

# यूनिकॉमर्स ईसॉल्यूशंस लिमि. का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 06 को खुलेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** यूनिकॉमर्स ईसॉल्यूशंस लिमिटेड (यूनिकॉमर्स या कंपनी), का आईपीओ 06 अगस्त, 2024 (ऑफर) को खुलेगा। इक्विटी शेयरों के कुल ऑफर आकार में 25,608,512 इक्विटी शेयरों (बिक्री के लिए प्रस्ताव) तक की ऑफर फार सेल शामिल है, जिनमें से 9,438,272 इक्विटी शेयरों को ऐसवेक्टर लिमिटेड (जिसे पहले स्नैपडील लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा और एसबी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड द्वारा 16,170,240 इक्विटी शेयर (निवेशक बिक्री शेयरधारक, प्रमोटर बिक्री शेयरधारक, विक्रय शेयरधारक) के साथ बिक्री के लिए ऑफर किया जा रहा है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड और सीएलएसए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ऑफर (बीआरएलएम) आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।




ऑफर का उद्देश्य (द्व) बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 25,608,512 इक्विटी शेयरों की बिक्री करना और (द्वद्व) बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ((एनएसई बीएसई के साथ, स्टॉक एक्सचेंज) पर इक्विटी शेयरों को सूचीबद्ध करने का लाभ प्राप्त करना है। (ऑफर का उद्देश्य)। एनएसई ऑफर के संबंध में नामित स्टॉक एक्सचेंज है। यह इक्विटी शेयर कंपनी द्वारा दायर 30 जुलाई 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के माध्यम से नई दिल्ली में कंपनी रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और हरियाणा, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ पेश किए जा रहे हैं।

यह ऑफर प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियम, 1957 के नियम 19(2) (बी) के अनुसार किया जा रहा है, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का इश्यू) के विनियमन 31 के साथ पढ़ा गया संशोधित (एससीआरआर) और यथासंशोधित (सेबी आईसीडीआर विनियम) प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2018, है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 6(2) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें ऑफर का कम से कम 75ल योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी, और ऐसे क्यूआईबी भाग) को आनुपातिक आधार पर आवंटित किया जाएगा। हमारी कंपनी बीआरएलएम की सलाह से, सेबी आईसीडीआर विनियम (एंकर निवेशक भाग) के अनुसार विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी हिस्से का 60ल तक आवंटित कर सकती है। इसमें से कम से कम एक तिहाई केवल घरेलू म्यूचुअल फंड के आवंटन के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि घरेलू म्यूचुअल फंड से वैध बोलियां सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार एंकर निवेशक आवंटन मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त हों। एंकर निवेशक हिस्से में कम सदस्यता, या गैर–आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को शुद्ध क्यूआईबी हिस्से में जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा, नेट क्यूआईबी भाग का 5ल केवल म्यूचुअल फंड के लिए आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, और शेष क्यूआईबी भाग एंकर निवेशकों के अलावा सभी क्यूआईबी बोलीदाताओं के लिए आनुपातिक आधार पर म्यूचुअल फंड सहित आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। वैध बोलियां ऑफर मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त होने के अधीन है। हालाँकि, यदि म्यूचुअल फंड की कुल मांग नेट क्यूआईबी हिस्से के 5ल से कम है, तो आवंटन के लिए उपलब्ध शेष इक्विटी शेयर क्यूआईबी को आनुपातिक आवंटन के लिए शेष क्यूआईबी हिस्से में जोड़ दिए जाएंगे।

इसके अलावा, ऑफर का 15ल से अधिक हिस्सा गैर–संस्थागत बोलीदाताओं (एनआईबी) को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध नहीं होगा। जिनमें से (ए) ऐसे हिस्से का एक तिहाई हिस्सा ?2,00,000 से अधिक और ?10,00,000 तक के आवेदन आकार वाले आवेदकों के लिए आरक्षित होगा और (बी) ऐसे हिस्से का दो–तिहाई हिस्सा ?10,00,000 से अधिक के आवेदन आकार वाले आवेदकों के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि ऐसी उप–श्रेणियों में से किसी एक में सदस्यता रहित हिस्से को एनआईबी की अन्य उप–श्रेणी में आवेदकों को आवंटित किया जा सकता है और ऑफर का कम से कम 10ल सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं (आरआईबी) को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते वैध बोलियां ऑफर मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त हों।

# जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड को खावड़ा आरई पावर पार्क में 463 करोड़ रु. के सौर संयंत्र के लिए ईपीसी अवार्ड प्राप्त हुआ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड , सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में अग्रणी कंपनी को गुजरात के कच्छ के रण में स्थित खावड़ा आरई पावर पार्क में 463 करोड़ रुपये के सौर संयंत्र के लिए इंजीनियरिंग, डिजाइन, खरीद, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (ईपीसी)का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह 463 करोड़ रुपये की परियोजना अत्याधुनिक फिक्स्ड टिल्ट मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर के साथ–साथ शेष बैलेंस ऑफ सिस्टम के साथ तैयार की जाएगी।

इस ऑर्डर जीत पर बोलते हुए, जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सोलर ईपीसी, भारत), सुश्री शिल्पा उर्हेकर ने कहा, हमें एक प्रमुख स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह प्रतिष्ठित ऑर्डर जीतकर बहुत खुशी हो रही है। यह जीत जेनसोल की परियोजना प्रबंधन क्षमताओं और निष्पादन विशेषज्ञता में विश्वास को दर्शाती है। ग्राहक की जरूरतों की हमारी समझ, उत्कृष्ट इंजीनियरिंग




ट्रैक रिकॉर्ड के साथ–साथ उच्च गुणवत्ता वाले अक्षय समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता हमारी लगातार जीत के पीछे महत्वपूर्ण रही है।

परिणामस्वरूप, हम वर्तमान में लगभग 1 ल्ल्ल्ल की कुल क्षमता वाली सौर परियोजनाओं को कई प्रमुख ग्राहकों के लिए निष्पादित कर रहे हैं। यह हमें एक रोमांचक भविष्य की नींव बनाने में सक्षम बना रहा है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि वह गुजरात में लगभग 600 करोड़ रुपये के ईपीसी राजस्व के साथ 116 मेगावाट (150 स्ल्ल्श्न) की सौर परियोजनाओं के लिए विजेता बोलीदाता के रूप में उभरी है। ये परियोजनाएं 27 विविध स्थानों पर वितरित की जाएंगी, जो सभी पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड , राज्य बिजली वितरण कंपनी के अधिकार क्षेत्र में हैं।

**जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के बारे में:**

2012 में स्थापित, जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में एक अग्रणी खिलाड़ी है जो सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं के साथ–साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों में विशेषज्ञता रखता है। जेनसोल के पास सोलर (जेनसोल सोलर ईपीसी (भारत और मध्य पूर्व) और स्कॉर्पियस ट्रैकर्स), ईवी लीजिंग (लेट्सईवी) और ईवी मैन्युफैक्चरिंग (जेनसोल ईवी) में 500 से अधिक पेशेवरों की अनुभवी और विविध टीम है। जेनसोल सोलर ईपीसी, भारत में शीर्ष 10 ईपीसी खिलाड़ियों में से एक और स्वतंत्र ईपीसी खिलाड़ियों के मामले में शीर्ष 5 में, ने सफलतापूर्वक 770 मेगावाट से अधिक की विविध सौर परियोजनाओं को निष्पादित किया है, जिसमें भारत के लगभग सभी राज्यों में छत, जमीन पर और तैरते सौर संस्थापन शामिल हैं।

# पीसी ज्वैलर्स लिमिटेड को इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा वन टाइम सेटेलमेंट की मंजूरी मिली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी और तेजी से बढ़ती ज्वैलरी रिटेल चेन पीसी ज्वैलर्स लिमिटेड (बीएसई: 534809, एनएसई: पीसीजेवेलर) ने घोषणा की है कि इंडियन ओवरसीज बैंक ने कंपनी द्वारा प्रस्तुत एकमुश्त निपटान (ओटीएस) प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बकाया राशि का निपटान करने के लिए ओटीएस का विकल्प चुना था। स्वीकृत ओटीएस की शर्तों में नकद और इक्विटी घटक, प्रतिभूतियों और गिरवी रखी गई संपत्तियों की रिहाई आदि शामिल हैं। हाल ही में, बैंक ऑफ बड़ौदा और कैनरा बैंक ने भी कंपनी द्वारा स्वीकृत एकमुश्त निपटान को मंजूरी दी थी।

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने आईसीडीआर नियमों और अन्य लागू कानूनों के अनुसार, सदस्यों की मंजूरी और अन्य आवश्यक नियामक, वैधानिक और अन्य अनुमोदनों के अधीन, 56.20 रुपये प्रति वारंट की कीमत पर पूर्ण रूप से परिवर्तनीय वारंट के तरजीही जारी करने के माध्यम से 2705 करोड़ रुपये तक धन जुटाने को मंजूरी दी है। प्रमोटर समूह न्यूज ट्रैक गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, बलराम गर्ग (एचयूएफ) और पूजा गर्ग प्रस्तावित आवंटियों में शामिल हैं। इसके अलावा, एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड, कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड आदि जैसे कई विदेशी निवेशक गैर– प्रमोटर समूह के भीतर प्रस्तावित आवंटियों में शामिल हैं।



पीसी ज्वैलर्स लिमिटेड ने अपनी यात्रा की शुरुआत वर्ष 2005 में करोल बाग, नई दिल्ली में अपने पहले शोरूम के उद्घाटन के साथ की थी। कंपनी का विजन उत्कृष्ट आभूषणों के माध्यम से लालित्य, आकर्षण और स्टाइल को फिर से परिभाषित करना था। आज, पीसी ज्वैलर्स भारत की सबसे तेजी से बढ़ती ज्वैलरी रिटेल चेन में से एक है, जिसके 17 से अधिक राज्यों के कई शहरों में शोरूम हैं।

अपनी स्थापना के बाद से, पीसी ज्वैलर्स डिजाइन में अग्रणी रहा है, जहां प्रत्येक उत्पाद पूर्णता के साथ तैयार किया गया है। चाहे वह विस्तृत शादी के आभूषण हों या किफायती रोजमर्रा के पहनने योग्य, पीसी ज्वैलर्स ने लगातार बेजोड़ गुणवत्ता के असाधारण डिजाइन तैयार किए हैं। वर्षों से, उनके कालातीत टुकड़ों ने अंतरंग क्षणों को संजोए हुए जीवनकाल की यादों में बदल दिया है। पीसी ज्वैलर्स का व्यापार मॉडल प्रमुख हाई–स्ट्रीट स्थानों पर बड़े फॉर्मेट, स्टैंडअलोन शोरूम स्थापित करने पर केंद्रित है। ये स्टोर सभी मूल्य बिंदुओं पर आभूषणों की विविध रेंज पेश करते हैं, जिसमें हीरे के आभूषणों पर बढ़ता हुआ जोर है। कंपनी केवल हॉलमार्क वाले आभूषण और प्रमाणित हीरे के टुकड़े बेचने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित होती है। पारदर्शी और ग्राहक–अनुकूल नीतियों के साथ यह समर्पण ने पीसी ज्वैलर्स को तेजी से एक विश्वसनीय और सम्मानित ब्रांड के रूप में स्थापित किया है।

कच्चे माल की सोर्सिंग से लेकर तैयार उत्पाद की बिक्री तक, कंपनी की प्रक्रियाएं एकीकृत और सावधानीपूर्वक संरेखित हैं। कंपनी ग्राहक की पसंद का बारीकी से नक्शा तैयार करती है और विभिन्न स्वादों को पूरा करने वाले उत्पादों का निर्माण करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों के पास चुनने के लिए बहुत कुछ हो। पूरी उत्पादन प्रक्रिया में, प्रत्येक टुकड़े की शुद्धता, मूल्य और फिनिश की गारंटी के लिए कड़े गुणवत्ता उपाय लागू किए जाते हैं। पीसी ज्वैलर्स कस्टमाइज़्ड और व्यक्तिगत डिजाइन में भी विशेषज्ञता प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों को अपने आदर्श आभूषण टुकड़े बनाने की अनुमति मिलती है। पीसी ज्वैलर्स की उल्लेखनीय यात्रा को स्थायी ग्राहक पहलों और बेजोड़ गुणवत्ता द्वारा चिह्नित किया गया है, जिसने वफादार ग्राहक समर्थन प्राप्त किया है। दीर्घायु के उद्देश्य से समकालीन और क्लासिक डिजाइनों के मिश्रण के साथ, कंपनी सबसे अच्छा खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित है, चाहे वह उनके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से हो या भौतिक शोरूम के माध्यम से।

# निवेशकों के लिए सावधानी

**एजेंसी, मुंबई।** एक्सचेंज के ध्यान में लाया गया है कि श्री जेम लाल देवांगन हमारे पंजीकृत स्टॉक ब्रोकर में से एक के अधिकृत व्यक्ति, नीचे उल्लिखित पते के माध्यम से काम करते हुए, शेयर बाजार में निवेश पर सुनिश्चित/गारंटीकृत रिटर्न प्रदान कर रहे हैं। एक्सचेंज ट्रेडिंग सदस्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की प्रक्रिया में है।

पता– बीएल.नंबर 27, प्लॉट नंबर 22, दूसरी मंजिल व्हाइट हाउस, नेहरू नगर, पूर्वी भिलाई, दुर्ग–490020, छत्तीसगढ़।

निवेशकों को सावधान किया जाता है और सलाह दी जाती है कि वे शेयर बाजार में सांकेतिक /सुनिश्चित/गारंटीकृत रिटर्न देने वाले किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा पेश की गई ऐसी किसी भी योजना/उत्पाद को सब्सक्राइब न करें क्योंकि ऐसा करना कानून द्वारा निषिद्ध है। इसके अलावा, निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ट्रेडिंग क्रेडेंशियल जैसे




यूजर आईडी/पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। एक्सचेंज ने पंजीकृत सदस्य और उसके अधिकृत व्यक्तियों के विवरण की जांच करने के लिए अपनी वेबसाइट पर https://www.nseindia.com/invest/find-a-stock-broker लिंक के तहत ष्अपने स्टॉक ब्रोकर को जानें/ढूंढेंष् की सुविधा प्रदान की है। इसके अलावा, ट्रेडिंग सदस्यों द्वारा एक्सचेंज को बताए गए निवेशकों से/को पैसे प्राप्त करने/भुगतान करने के लिए क्लाइंट बैंक खातों के रूप में नामित नामित बैंक खाते भी उक्त लिंक के तहत प्रदर्शित किए गए हैं। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी व्यक्ति/संस्था के साथ लेन–देन करते समय विवरण की जांच करें।

ऐसी निषिद्ध योजनाओं में भागीदारी निवेशकों के अपने जोखिम, लागत और परिणामों पर निर्भर करती है क्योंकि ऐसी योजनाओं को एक्सचेंज द्वारा न तो अनुमोदित किया जाता है और न ही उनका समर्थन किया जाता है।

निवेशक कृपया ध्यान दें कि ऐसी प्रतिबंधित योजनाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद के लिए निवेशकों को निम्नलिखित में से कोई भी उपाय उपलब्ध नहीं होगा:

1. एक्सचेंज के अधिकार क्षेत्र के तहत निवेशक सुरक्षा के लाभ
2. एक्सचेंज विवाद समाधान तंत्र
3. एक्सचेंज द्वारा प्रशासित निवेशक शिकायत निवारण तंत्र

निवेशकों को उपरोक्त बातों पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है।

# अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज़ व खासतौर पर तैयार किए गए राखी स्टोर के साथ भाई-बहन के रिश्ते को दें मजबूती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाई–बहनों के अटूट रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन बस कुछ ही दिन दूर है। अगर आप अपने भाई–बहनों पर प्यार और आशीर्वाद न्यौछावर करने की तैयारी कर रहे हैं, तो उन स्वादिष्ट व्यंजनों को भी याद रखें, जो इस खास मौके को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। 1 से 7 अगस्त तक चलने वाले अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज़ में आपको स्वादिष्ट व्यंजनों की तैयारी के लिए खास प्रोडक?ट रेंज मिलेगी। साथ ही यहां आपको अपने भाई–बहनों के लिए एक बेहतरीन गिफ्ट हैम्पर खरीदने का सही मौका भी मिलेगा। ये गिफ्ट इस बात का इजहार करेंगे कि




आपके लिए वे कितने मायने रखते हैं। यहां पर ताज़े फलों और सब्जियों से लेकर स्नैक्स, बेवरेजेस और रोज़मर्रा की ज़रूरत की वस्तुओं तक, उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला 45ल तक की छूट के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। यहां ग्राहक अपने पसंदीदा डिलीवरी स्लॉट को चुन सकते हैं और सबसे स्वादिष्ट भोजन पकाने के लिए दावत, फॉर्च्यून और टाटा संपन्न जैसे लोकप्रिय ब्रांडों पर बड़ी बचत कर सकते हैं। प्राइम ग्राहक फलों और सब्जियों की खरीद पर 200 रुपये तक के कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही अमेजन ग्राहक अपने पहले चार अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 400 रुपये तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। अपने त्यौहारों को और भी खूबसूरत बनाने के लिए, अमेजन फ्रेश पर खासतौर पर तैयार किए गए राखी स्टोर पर जाएं। यहां आपको भारतीय मिठाइयों के अलावा इंटरनेशनल चॉकलेट, खासतौर पर तैयार किए गए हैम्पर्स जैसे ढेरों विकल्प मिलेंगे। ये सभी प्रोडक्ट सीधे आपके दरवाजे पर डिलीवर किए जाएंगे। अमेजन फ्रेश के साथ अभी ऑर्डर करें और राखी के इस त्यौहार को सच्ची बॉन्डिंग का एक यादगार अनुभव बनाएं।

# आयात की जगह भारत में चीनी कंपनियों से कराया जाए निवेश : अरविंद विरमानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी का कहना है कि चीन से सामान को आयात करने की जगह अगर भारत यहां चीनी कंपनियों का निवेश कराए तो कई लाभ होंगे। इससे व्यापार बढ़ने के साथ ही स्थानीय स्तर पर निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही निर्यात बाजार का लाभ भी मिलेगा। बजट पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण के दौरान चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के सवाल पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी।



विरमानी ने कहा कि भारत–चीन का व्यापार बंद है, लेकिन काफी कुछ आयात हो रहा है। अगर हम आने वाले 10–15 वर्षों तक कुछ सामान आयात कराने जा रहे हैं, तो इससे अच्छा है कि हम चीनी कंपनियों का यहां निवेश कराएं और सामान यहीं बनवाएं। उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार अमेरिका और यूरोप अब चीन से आयात कम कर रहे हैं। ऐसे में भारत का चीन से सामान को आयात करने की बजाय चीनी कंपनियों को यहां निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे चीन द्वारा भारत में बनने वाले उत्पादों को अमेरिका और यूरोप में निर्यात करके हम काफी मजबूत बन सकते हैं।

अर्थशास्त्री विरमानी ने कहा कि हमें पहले हर समय में अच्छा देखना होगा और अच्छे समय में हर श्रेणी को देखना होगा। इसके बाद व्यापार बंद का मूल्यांकन करना होगा। उन्होंने कहा कि चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठाने के लिए भारत के सामने दो विकल्प हैं। एक कि भारत चीन की आपूर्ति श्रृंखला में शामिल हो जाए। दूसरा चीन से एफडीआई को बढ़ावा दे। इसलिए भारत को चीन से आयात जारी रखने के बाद एक समझौता करना होगा। उन्होंने कहा कि चीन से एफडीआई पर ध्यान केंद्रित करना अमेरिका में भारत के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अधिक जरूरी है। क्योंकि भारत चीन से सबसे ज्यादा सामान का आयात करता है और इन दिनों चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ रहा है।

**भारत–चीन के बीच 2020 से संबंध तनाव पूर्ण**

जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई है। इस विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी, तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। वहीं भारत ने टिकटॉक, वी चैट और यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल एप पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण के बड़े प्रस्ताव को खारिज कर दिया। हालांकि साल की शुरुआत में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने शंघाई मुख्यालय वाली जेएसडब्ल्यू समूह के एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 38 प्रतिशत हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी थी।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाइक्रॉस जेडएक्स व जेडएक्स (ओ) ग्रेड के लिए फिर से बुकिंग शुरू की

**एजेंसी, बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 1 अगस्त 2024 से इनोवा हाइक्रॉस जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) मॉडल के लिए बुकिंग फिर से शुरू करने की घोषणा की है। लॉन्च (नवंबर 2022) के बाद से इनोवा हाइक्रॉस को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, इसे एक एसयूवी के आकार और एमपीवी की विशालता के साथ इसके अनुपात के लिए सराहा गया है। बहुमुखी इनोवा हाइक्रॉस, जो सेल्फ–चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वैरिएंट [एसएचईवी] के साथ–साथ गैसोलिन रूपांतर में उपलब्ध है, अपने ग्लैमर कोशंट, उन्नत टेक्नालॉजी, आराम, सुरक्षा सुविधाओं और ड्राइव करने के रोमांच के लिए मशहूर है।



भारी मांग के कारण, टॉप एंड ग्रेड की बुकिंग को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। इस अवधि में, इनोवा हाइक्रॉस के अन्य ग्रेड, हाइब्रिड और गैसोलिन दोनों के लिए बुकिंग निरंतर जारी रही। सुव्यवस्थित और बढ़ी हुई आपूर्ति के साथ, प्रतीक्षा अवधि कम हो गई है और इनोवा हाइक्रॉस के शीर्ष ग्रेड की बुकिंग शुरू हो गई है।

इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स–सर्विस–यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट, श्री सबरी मनोहर ने कहा, ष्हम इनोवा हाइक्रॉस, जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) के टॉप–एंड ग्रेड्स के लिए बुकिंग फिर से खोलने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, जो 1 अगस्त 2024 से प्रभावी होगी। यह ग्राहकों की इच्छा पूरी करने के लिए हमारे विविध उत्पाद विकल्पों तक पहुंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनोवा हाइक्रॉस एक बेहद मांग वाला मॉडल बन गया है, जिसे इसके बेजोड़ आराम और सुविधा के लिए सराहा जाता है। अपनी उन्नत तकनीक, मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम और मजबूत डिजाइन के साथ, इनोवा हाइक्रॉस ने बाजार में नए मानक स्थापित किए हैं। हम इस उत्पाद पर अपने ग्राहकों द्वारा दी गई मजबूत स्वीकृति और विश्वास से सही अर्थों में खुश हैं।

अस्थायी रोक की अवधि में हम अपने मूल्यवान ग्राहकों के धैर्य की सराहना करते हैं और उन्हें हुई असुविधा के लिए अफसोस जताते हैं। हमें यकीन है कि इनोवा हाइक्रॉस टॉप–एंड ग्रेड की बुकिंग फिर से शुरू होने से हमारे ग्राहकों के ड्राइविंग अनुभव और समृद्ध होंगे और तथा गतिशीलता आकांक्षाएं पूरी होंगी। टोयोटा न्यू ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) पर आधारित, इनोवा हाइक्रॉस टोयोटा की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता का सम्मान करता है और इससे ब्रांड की विरासत का पता चलता है। यह 5वीं पीढ़ी के सेल्फ–चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम द्वारा संचालित है। इसमें टीएनजीए 2.0–लीटर 4–सिलेंडर गैसोलिन इंजन और ई–ड्राइव सीक्वेंशियल शिफ्ट के साथ एक मोनोकोक फ्रेम है, जो 137 केडब्ल्यू (186 पीएस) का अधिकतम पावर आउटपुट देता है। यह तेज़ गति और सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ ईंधन अर्थव्यवस्था प्रदान करता है जो इनोवा हाइक्रॉस को हरित कल के लिए एक बुद्धिमान विकल्प बनाता है।

पारिवारिक जरूरतों के लिए डिज़ाइन की गई, सुविधाओं से भरपूर इनोवा हाइक्रॉस हर अवसर के लिए वाहन है, जो ग्लैमर, मजबूती, आराम, सुरक्षा और उन्नत तकनीक प्रदान करता है। टोयोटा की समृद्ध वैश्विक एसयूवी विरासत से प्रेरणा लेते हुए, इनोवा हाइक्रॉस में पर्याप्त जगह के साथ एक दमदार और ठोस डिज़ाइन है, जो सभी के लिए लचीली और आरामदायक सीटिंग प्रदान करता है। यह एक बहुमुखी वाहन है जो उन परिवारों के लिए एकदम सही है जो एक ऐसी कार चाहते हैं जिससे उबड़–खाबड़ सड़कों को भी थकान–मुक्त ड्राइव के साथ बिना किसी परेशानी के पार किया जा सके। किसी भी तरह की बाधा के बिना बुकिंग के अनुभव और समय पर डिलीवर सुनिश्चित करने के लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं। ग्राहक अपनी बुकिंग www.toyotabharat.com पर ऑनलाइन कर सकते हैं या अपने नजदीकी टोयोटा डीलरशिप पर भी जा सकते हैं।




Pratidinrajdhani.in
Daily Morning Newspaper & Webpotal
E Paper Also Available
Pratidin Rajdhani
Youtube For Scan
SUBSCRIBE
Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13585/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13585
वार्ड का नाम - 42-पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566C00115 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHANDRA PRAKASH पिता/पति श्री/श्रीमती MADHAV PRASAD के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती ABHISHEK SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती SUNIL TIWARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13588/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13588
वार्ड का नाम - 40- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569N00145 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHRI RADHIKA PRASAD VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE RAMADHAR VERMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती ANIL KUMAR VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. RADHIKA PRASAD VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13582/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13582
वार्ड का नाम - 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663F00087 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHHATTISGARH PROJECT INDIA PVT पिता/पति श्री/श्रीमती . के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती DISHA DAVE पिता/पति श्री/श्रीमती ANUP KUMAR DAVE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13587/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13587
वार्ड का नाम - 42- पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566A00329 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DEEPAK KUMAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती SEVA RAM SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती GAYATRI BAGHEL पिता/पति श्री/श्रीमती M.P. BAGHEL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13589/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13589
वार्ड का नाम - 68- खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567A00370 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIJAY CHHUGANI SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती .. के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती LALCHAND FULWADHYA पिता/पति श्री/श्रीमती GOVIND RAM FULWADHYA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13583/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13583
वार्ड का नाम - 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR66311546B जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RANJAN NATHANI, M/S UNITEK BUILDERS BHAGIDAR VIJAY NATHANI, VGR REAL ESTATE VIJAY NATHANI पिता/पति श्री/श्रीमती GOVIND RAM NATHANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती PRAKASH KUMAR TAMBOLI पिता/पति श्री/श्रीमती C.L TAMBOLI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13590/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13590
वार्ड का नाम - 66- वामनराव लाखे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 66 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566E00061 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KARAN SONI पिता/पति श्री/श्रीमती SHIV NARAYAN SONI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती RUCHI VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती OMPRAKASH VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13584/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13584
वार्ड का नाम - 42- पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR565E00030 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती M.P. BAI पिता/पति श्री/श्रीमती MADAN LAL SINHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती 1. SARITA SINHA W/O NEEL SINHA 2. KHULESHWARI SINHA W/O DHALENDRA SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती .. ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# भिलाई जिला भाजपा कार्यालय में छग. का प्रथम त्यौहार हरेली धूमधाम से मना



**प्रतिदिन राजधानी, भिलाई।** हरेली पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाएं हरे रंग के ड्रेस कोड में नजर आईं, हरा रंग हरियाली का प्रतीक होता है और हरेली त्यौहार हरियाली को दर्शाता है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक रिकेश सेन सहित सभी उपस्थित लोगों ने गेड़ी चढ़ हरेली त्यौहार का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक रिकेश सेन ने महिलाओं के साथ छत्तीसगढ़ी गाने पर सुआ नृत्य कर उपस्थित महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के शुभ अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने जिला भाजपा कार्यालय की केयर टेकर टिकेश्वरी जंघेल के नृत्य से प्रभावित होकर उन्हें एक नया मोबाइल सेट भेंट किया। साथ ही उनके परिवार को प्रधानमंत्री आवास दिलाने की घोषणा की। इतना ही नहीं विधायक ने उपस्थित सभी महिलाओं को भी उपहार वितरित किए।

विधायक रिकेश सेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज से छत्तीसगढ़ में त्यौहारों की शुरुआत हो गई है, आने वाले दिनों में राखी, तीजा सहित अन्य सभी त्यौहार धूमधाम से मनाया जायेगा। आज हरेली त्यौहार वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र के सभी वार्डों में पारंपरिक ढंग से सुबह से उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न वार्डों में आयोजित कार्यक्रमों में भी मैं सम्मिलित हुआ।

गौरतलब हो कि वार्ड में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक रिकेश सेन द्वारा लगभग 1 हजार गेड़ी का वितरण किया गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हरेली त्यौहार कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, श्रीमती मिथिला खिचरिया, पुरूषोत्तम देवांगन, विनोद सिंह, विजय जायसवाल, उपासना साहू, प्रमोद सिंह, खिलावन साहू, वीरेंद्र साहू, गजानन, तिलक राज, शैलेंद्र शिंदे, एसएन सिंह, योगेश्वर सोनी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जिला भाजयुमो अध्यक्ष अमित मिश्रा के आलावा कई पार्षद, विधायक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।






**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब स्थित मेरीन ड्राइव पर आयोजित हरेली उत्सव और सम्मान समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने पुआग़र, गैती, गेड़ी सहित कृषि यंत्रों की पूजा की और प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती की और छतीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, विधायक श्री मोतीलाल साहू और श्री संदीप साहू सहित साहू समाज के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन साहू समाज द्वारा किया गया।**

# गुस्साएं पति-पत्नी ने तहसील कार्यालय में गाली गलौज कर पटवारी को जमकर पीटा

**प्रतिदिन राजधानी,जशपुर**

छत्तीसगढ़ के जशपुर, कुनकुरी से पटवारी की पिटाई का मामला सामने आया। पटवारी की पिटाई करने वाले दंपति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दोनों पति-पत्नी ने कुनकुरी तहसील कार्यालय में पटवारी के साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट की थी। पीड़ित पटवारी की शिकायत पर धारा 296, 221, 132, 115(2), 3(5) एवं 3(2)(5), 3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया गया।


दरअसल, पटवारी प्लासिदियुस टोप्पो ने 31 जुलाई को थाना कुनकुरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि



यह कुडुकेला नारायणपुर में पटवारी के पद पर पदस्थ है। शासकीय कार्य से तहसीलदार कुनकुरी के कार्यालय में गया था कि उसी समय ईश्वर यादव एवं उसकी पत्नी भूमति यादव दोनों आये और जमीन का नक्शा गलत काट दिये हो कहकर गाली-गलौज कर बहस करने लगे। इस दौरान तहसीलदार कार्यालय के मर्यादा का ध्यान में रखकर पटवारी ने धीरे बात करने का आग्रह किया।

इसके बाद दोनों पति-पत्नि एवं प्रार्थी कार्यालय के बाहर परिसर में आये तो वहां भी दोनों पति-पत्नि मिलकर पटवारी से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किये। परिसर में मौजूद लोगों के द्वारा दोनों पति-पत्नि को समझाया गया। फिर प्रार्थी अपने एक अन्य साथी के साथ मोटर सायकल के शो-रूम में गया वहां भी दोनों पति-पत्नि पीछे से पहुंच गये और पटवारी को जातिगत अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर मारपीट किये। इतना ही नहीं शासकीय दस्तावेज को फेंक दिये जिससे वह फट गया। पीड़ित पटवारी की रिपोर्ट पर थाना कुनकुरी में भान्यासं की धारा 296, 221, 132, 115(2), 3(5) एवं 3(2)(5), 3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# माओवादी विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने की कार्रवाई, 3 नक्सल स्मारक को किया ध्वस्त



**बीजापुर।** नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सालियों के आतंक के बीच बीजापुर जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत आज सुरक्षाबलों ने कार्रवाई करते हुए 3 नक्सल स्मारकों को ध्वस्त किया है। डीआरजी, बस्तर फाइटर और थाना भैरमगढ़/जांगला की टीम हिंगुम एवं झारामोंगिया की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इस दौरान संयुक्त टीम ने ग्राम हिंगुम और झारामोंगिया में माओवादियों की ओर से अलग अलग जगहों पर बनाए गए लगभग 15-20 फीट ऊंचे 3 माओवादी स्मारक को ध्वस्त किया। सुरक्षाबलों का क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

# सावधान : शातिर ठगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पर बनाया फर्जी फेसबुक आईडी, एफआईआर दर्ज




**रायपुर।** जालसाजी और ठगी करने वालों का हौसला इतना बुलंद हो चुका है कि वो सीएम विष्णु देव साय के नाम पर भी फेक अकाउंट खोल दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां इस बार शातिर साइबर ठग ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया है। इतना ही नहीं सोशल मीडिया अकाउंट से फ्रेंड रिक्वेस्ट भी भेजा गया है। फिलहाल सायबर टीम ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। दरअसल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के फेक अकाउंट की बात सामने आने के बाद लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। वहीं अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कैसे बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि उन्होंने सूबे के मुखिया के नाम पर ठगी की इतनी बड़ी साजिश रच डाली। फिलहाल पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है। बता दें कि ये साइबर ठग बड़े ही चालाकी से लोगों से पैसे ठगने पहले बड़े अफसरों, कारोबारियों या सेलिब्रिटी जैसे लोगों की फोटो का इस्तेमाल करते हुए फेक आइडी बनाते हैं। इसके बाद वे इसी आईडी से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं और फिर जब कोई व्यक्ति फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर लेता है तो कुछ दिनों बाद अचानक ही पैसों की मांग करते हैं। मामले में बताया गया कि साइबर सेल मामले की जांच में जुटी है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./13586/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2024
रायपुर, दिनांक 04.08.2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 13586
वार्ड का नाम - 42- पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR565E00026 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DULESHWARI DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती RAMESHWAR DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती VIDHYA TAMRAKAR पिता/पति श्री/श्रीमती RAJESH TAMRAKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# हड़ताल पर बैठे शक्कर कारखाना के श्रमिक

**प्रतिदिन राजधानी, कवर्धा।** जिले के पंडरिया शक्कर कारखाना के 300 से ज्यादा श्रमिक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। रविवार को श्रमिकों ने कारखाना प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। श्रमिकों का आरोप है कि, प्रबंधन लंबे समय से कार्यरत श्रमिकों को हटा रहा है और नए लोगों की भर्ती कर रहा है। इससे श्रमिक नाराज हैं। वहीं इस पूरे मामले में प्रबंधन ने श्रमिकों के आरोप को निराधार बताते हुए लापरवाही करने वाले श्रमिकों पर कार्रवाई करने की बात कही है। सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना बिसेसरा में है। जहाँ पेराई सत्र को लेकर मेंटनेंस का कार्य चल रहा था। इसी बीच कारखाना प्रबंधन ने एक के बाद एक तरकीबन 14 श्रमिकों को निकाल दिया। जिससे नाराज श्रमिक यूनियन ने काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया। इससे कारखाने में मेंटनेंस का कार्य पूरी तरह ठप्प रहा। यदि आगे भी श्रमिक हड़ताल पर रहेंगे तो आगामी दिनों में समय पर मेंटनेंस नहीं होने की वजह से इसका खामियाजा किसानों को भी भुगतना पड़ सकता है। वहीं इस पूरे मामले पर प्रबंधन ने श्रमिकों के आरोप को निराधार बताते हुए लापरवाही करने वाले श्रमिकों पर कार्रवाई करने की बात कही है।



# यात्री बस का ब्रेक फेल, बड़ा हादसा टला



**राजनांदगांव।** खैरागढ़ में यात्री बस का ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित बस ने सड़क पर खड़े राहगीरों को ठोकर मार दी। घटना में कई लोगों को चोट आई है। यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पूरा मामला इतवारी बाजार का है।

मिली जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव से कवर्धा जाने वाली यात्री बस का इतवारी बाजार के पास ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद अनियंत्रित बस ने वहां खड़े लोगों को भी अपने चपेट में ले लिया। इस दौरान कई लोगों को चोट आई और वे घायल हो गए। हालांकि ड्राईवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से आफत, मकान ढहने से दंपति की मौत, बाल बाल बचा 8 साल का मासूम

**प्रतिदिन राजधानी, गौरेला।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में कुछ दिनों से भारी बारिश से एक बार फिर नदी-नाले उफान पर आ गए हैं, वे इसी बीच खबर आ रही है कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा में भारी बारिश से कच्चे मकान का एक हिस्सा ढह गया, हादसे में घर में सो रहे दंपति की मौत हो गई, जबकि उनके बेटे को चोट आई है। जिसे अस्पताल ले जाया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना पेंड्रा थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव का है, जब परिवार सो रहा था, उस समय कच्चे मकान का एक हिस्सा बारिश के चलते ढह गया, घटना में दिनेश वाकरे और उसकी पत्नी शारदा की मौत हो गई, जबकि दोनों के आठ वर्षीय बेटे को चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शव को मलबे से बाहर निकलकर पीएम के लिए भेजवाया। वही घायल लड़के को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कार्यालय सेनानी, प्रथम वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई

क्रमांक - प्रथम बटा/छसबल/भि/साअ/ 353-A/2024, दिनांक- 01/08/2024

**निविदा विज्ञप्ति**

प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ कंपनियों के कर्मचारियों हेतु ए.के. 47 रायफल मैगजीन पोंच क्रय बाबत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- (सात सौ पचास) तथा निविदा के अनुसार प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ कंपनियों के कर्मचारियों हेतु ए.के. 47 रायफल मैगजीन पोंच क्रय हेतु सीलबन्द लिफाफे के उपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता सहित कार्यालय में उचित माध्यम से जमा करें।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ कंपनियों के कर्मचारियों हेतु ए.के. 47 रायफल मैगजीन पोंच क्रय | 9,80,000/- | 29400/- |

निविदा प्रापत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र संहित) के साथ रूपये 750/- कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस रिसिप्ट, 800 के अर्न्तगत सेनानी, प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई, जिला-दुर्ग छ.ग. के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी, प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई, जिला-दुर्ग छ.ग. को प्रस्तुत कर कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते है।

**निविदा की समय सारणी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म जमा करने का पता | कार्यालय, सेनानी प्रथम वाहिनी छसबल, भिलाई (छ.ग.) |
| 2 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 08.08.2024 को 17.00 बजे तक |
| 3 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 24.08.2024 को समय 15.00 बजे तक |
| 4 | टेक्निकल बिड जमा किये जाने का स्थान, समय एवं तिथि | कार्यालय, सेनानी प्रथम वाहिनी छसबल, भिलाई, (छ.ग.) दिनांक 24.08.2024 को समय 15.00 बजे तक |
| 5 | फायनेंसियल बिड खोले जाने का स्थान, समय एवं तिथि | पृथक से सूचित किया जावेगा |
| 6 | बिड की वैद्यता | 31.03.2025 तक |

नोट :- 01- किन्ही कारणों से यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित किया जाता है, तो दूसरे कार्यालयीन दिवस पर निविदा खोली जावेगी।
02- डाक द्वारा भेजा गया निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

सेनानी,
प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई

G-242501566/2

# देश के कई राज्य में होगी तेज बारिश

## यूपी-बिहार, उत्तराखंड में तेज बारिश की आशंका

**एजेंसी,नई दिल्ली**

देश के अलग–अलग हिस्सों में इस वक्त बारिश जारी है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित देश के अधिकतर हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश देखने को मिल रही है। हालांकि बारिश के बाद भी दिल्ली में उमस भरी गर्मी का सितम जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, आज दिल्ली हृष्टक्र में बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 35 तक जा सकता है वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रह सकता है। महाराष्ट्र में बारिश से बुरा हाल है मौसम विभाग के मुताबिक आज महाराष्ट्र के पालघर, सतारा और पुणे जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी है। वहीं रायगढ़,सिंधुदुर्ग, मुंबई, ठाणे, और नासिक के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। ढ्रस्ष्ठ के अनुसार आज पालघर में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है।





### गुजरात में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग के अनुसार, गुजरात में आज तेज बारिश तो वहीं उत्तराखंड में 7 अगस्त, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड में कल वहीं असम और मेघालय में 6 से 9 अगस्त तक तेज बारिश के आसार हैं।

### यूपी के प्रयागराज समेत इन जिलों में बारिश का अलर्ट

दक्षिण–पूर्व उत्तर प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर और आसपास इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही चित्रकूट,मुजफ्फरनगर, कौशांबी, रामपुर, प्रयागराज, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, मुरादाबाद, और आसपास के इलाकों में भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी है।

### बिहार में अगले दो दिन तक बारिश

झारखंड और बिहार के कुछ जिलों में आज से लेकर 6 अगस्त तक तेज बारिश की आशंका है। उत्तर प्रदेश की अगर बात करें तो आज इसके कुछ स्थानों पर मध्यम से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ से मिले राजस्थान के राज्यपाल, विकास योजनाओं पर चर्चा

**एजेंसी,नई दिल्ली।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से यहां उनके आवास पर मुलाकात की और राज्य के विकास तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर बात की।

राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को शॉल ओढ़ाई और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने प्रदेश के विकास और जनता के हित से जुड़े मुद्दों के बारे में उपराष्ट्रपति को जानकारी दी। राज्यपाल बागड़े उन्हें राजस्थान में चल रही विकास परियोजनाओं और राज्य सरकार की उपलब्धियों के अलावा जनता की जरूरतों और चुनौतियों से भी अवगत कराया। इस चर्चा से राज्य की जनता को लाभ होने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राजस्थान के विकास और जनता के कल्याण के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

## पुलिस-पब्लिक' फॉर्मूले से घाटी में आतंकियों पर लगेगी लगाम, जम्मू में सुरक्षाबलों ने शुरू किया स्पेशल प्लान



**एजेंसी,श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर में हालिया दिनों में आतंकी घटनाओं में इजाफा हुआ है। अब इस पर लगाम लगाने के लिए स्पेशल प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत 'पुलिस–पब्लिक' फॉर्मूला आजमाया जा रहा है। जम्मू पुलिस ने आम नागरिकों के लिए इसका विवरण जारी कर दिया है। बता दें कि बीते दिनों में खासतौर पर जम्मू आतंकियों के निशाने पर रहा है। लाइन ऑफ कंट्रोल पर घुसपैठ की कोशिशें भी खूब हुई हैं। आतंकी हमलों में जम्मू में करीब 22 लोग मारे गए हैं, जिनमें 11 सुरक्षा जवान, एक गांव रक्षा गार्ड का सदस्य भी शामिल है। यह घटनाएं राजौरी, पुंछ, रियासी, ऊधमपुर, कठुआ और डोडा जिलों में हुई हैं। वहीं, पिछले महीने कठुआ और डोडा जिले में दो एनकाउंटर्स के दौरान पांच आतंकियों को भी मार गिराया गया।

नए प्लान के बारे में दक्षिणी जम्मू के एसपी सिटी अजय शर्मा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे आतंकियों और संदिग्धों की पहचान और उनकी धर–पकड़ में आसानी होगी। आम लोगों के लिए जारी इस सलाह में कहा गया है कि अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति को देखे तो उसका पूरा विवरण दर्ज कर ले। इसमें संदिग्ध की लंबाई, उसके कपड़े, क्या उसने हथियार लिए थे या नहीं? या क्या वह अपनी पहचान छिपाने की कोशिश कर रहा था। जब उनसे पूछा गया कि क्या बढ़ती आतंकी घटनाओं के मद्देनजर नए सिरे से लोगों को अलर्ट किया जा रहा है? इस पर अजय शर्मा ने कहा कि मैं नहीं कहूंगा कि अलर्ट लेवल बढ़ाया रहा है। हकीकत तो यह है कि हम हमेशा ही अलर्ट हैं।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते जम्मू–कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू में शांति भंग कर रहा है। उन्होंने कहाकि आतंकी देश को जम्मू की तरक्की पसंद नहीं है। इसलिए वह आतंकियों को यहां भेजकर खून–खराबा करा रहा है।

## सार समाचार

### वायनाड भूस्खलन में 143 शव टुकड़ों में मिले, मरने वालों का आंकड़ा पहुंचा 350 के पार



**वायनाड ।** केरल के वायनाड भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 361 हो गई। इन सभी शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। इनमें 218 शवों की पहचान हो चुकी है। 143 लोगों के शरीर के सिर्फ टुकड़े बरामद हुए हैं। जिले के मेप्पाडी पंचायत के अंतर्गत वेल्लारीमाला गांव के मुंडक्कई और चूरमाला में मौतें हुईं। 30 जुलाई को हुए हादसे में मरने वालों में 28 बच्चे भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि विभिन्न अस्पतालों में 90 लोगों का इलाज चल रहा है और 281 लोग अब भी लापता हैं। चौथे दिन सेना, एनडीआरएफ, नौसेना और तटरक्षक बल की 40 टीमों ने मुंडक्कई, अट्टामाला, पंचीरी मट्टम और पास के चूरमाला क्षेत्रों में खोजी कुत्तों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। आपदा क्षेत्रों से जीवित बचे लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए भारतीय वायु सेना का ऑपरेशन जारी है। इस बीच, बचाव अभियान रात में भी जारी है। इससे पहले, सेना के जवानों ने शुक्रवार को मुंडक्कई के एक अलग दूरदराज के इलाके पदावत्ती कुनु से दो पुरुषों और दो महिलाओं सहित चार लोगों को बचाया। मुंडक्कई क्षेत्र में हुए भारी भूस्खलन के कारण रास्ते से घर बहुत दूर चला गया था।

# नीट पेपर लीक मामले में एक और सॉल्वर गिरफ्तार, सीबीआई ने 5 दिन की रिमांड में भेजा

**एजेंसी,नई दिल्ली**

नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया है। राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे संदीप से सीबीआई पूछताछ कर रही थी। इसके बाद सीबीआई ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसे पटना स्थित सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने संदीप को 5 दिनों की सीबीआई रिमांड में भेजा है। संदीप के पहले सीबीआई ने राजस्थान से कुमार मंगलम बिश्नोई और दीपेंद्र शर्मा को गिरफ़्तार किया था। अब तक कुल 9 मेडिकल के छात्र जिन्होंने सॉल्वर का काम किया था गिरफ़्तार हो चुके हैं जिसमें पटना एम्स के चार छात्र हैं। बता दें कि गुरुवार को नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 13 लोगों के नाम दर्ज किए हैं, जिनमें चार अभ्यर्थी, एक जूनियर इंजीनियर और दो सरगनाओं के नाम शामिल है। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में कुछ छात्रों के माता–पिता के नाम भी शामिल हैं। चार परीक्षार्थियों समेत सभी 13 आरोपियों पर आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अब तक की जांच के दौरान सीबीआई का मानना है कि पटना के गोपालपुर निवासी नीतीश कुमार मुख्य आरोपी है और कथित तौर पर चार सेटर्स में से एक है।




13 आरोपियों पर आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साजिश से संबंधति धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई का मानना है कि पटना के गोपालपुर निवासी नीतीश कुमार मुख्य आरोपी है और कथित तौर पर चार सेटर्स में से एक है। उसने अमित आनंद और सिकंदर यादवेंदु के साथ मिलकर 30–32 लाख रुपये में पेपर बेचा। जांच में यह भी पता चला कि यादवेंदु ने कुमार और आनंद से कहा था कि उसके पास चार छात्र हैं जो पेपर खरीदने को तैयार है।

## पीएम मोदी के दौरे के बाद काजीरंगा में बढ़े पर्यटक : असम के मुख्यमंत्री



**एजेंसी,गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मार्च में काजीरंगा राष्टीय उद्यान और बाघ अभयारण्य (केएनपीटीआर) का दौरा करने के बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। नरेंद्र मोदी मार्च में काजीरंगा राष्टीय उद्यान में रात बिताने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बने। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने हाथी और जीप सफारी का आनंद लिया और वन अधिकारियों को पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, हाल के दिनों में, असम में पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इस बीच, असम सरकार ने शनिवार को काजीरंगा में एक लग्जरी होटल स्थापित करने के लिए टाटा समूह के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सरमा ने कहा कि राष्टीय उद्यान में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए यह पहल की गई है।

मुख्यमंत्री ने एक पोस्ट में कहा,क्षेत्र में पर्यटन को विकसित करने और राज्य में पर्यटकों और आगंतुकों को और अधिक आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रयासों को आगे बढ़ाते हु, हमने काजीरंगा में 5–सितारा होटल की स्थापना के लिए शनिवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह होटल आगंतुकों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेगा और उन्हें असम में अधिक समय बिताने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## 36 दिनों में 4.90 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन


**एजेंसी,जम्मू**

अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। पिछले 36 दिनों में 4.90 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। रविवार को 1,112 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि 1,112 श्रद्धालुओं का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में सुबह 3-25 बजे भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया, इनमें से 11 वाहनों का पहला काफिला 204 यात्रियों को लेकर उत्तर कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि 39 वाहनों का दूसरा काफिला 908 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। गांदरबल जिले के काव चेरवान गांव में सुबह बादल फट गया। इस कारण श्रीनगर से बालटाल आधार शिविर जाने वाला मार्ग बंद हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मलबा हटाने का काम जारी है। जब तक यात्रियों का काफिला गांदरबल जिले में पहुंचेगा, तब तक बालटाल आधार शिविर और आगे लद्दाख क्षेत्र तक राजमार्ग बहाल कर दिया जाएगा।



पुलिस और सीएपीएफ समेत बड़ी संख्या में सुरक्षा बल जम्मू से लेकर दोनों आधार शिविरों तक 350 किलोमीटर से अधिक लंबे मार्ग पर तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे ड्यूटी कर रहे हैं। इसके अलावा यात्रियों की सुरक्षा के लिए पारगमन शिविरों, आधार शिविरों और गुफा मंदिर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती–बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि यह बर्फ की संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है।

## सेल्फी के चक्कर में युवती ने जोखिम में डाली जान



**एजेंसी,सतारा**

सेल्फी के चक्कर में एक युवती ने अपनी जान जोखिम में डाल दी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। युवती को रस्सी के सहारे रेस्क्यू कर सुरक्षित बचाया गया। महाराष्ट के सतारा में युवती उनघर रोड पर बोर्ने घाट पर सेल्फी लेने के लिए पहुंची थी। सेल्फी लेने के दौरान वो संतुलन नही बना सकी। उसका पैर फिसला और वह 100 फीट नीचे खाई में गिर गई। लड़की के गिरने के बाद स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए और जैसे–तैसे लड़की को बचाया गया। युवती के नीचे गिरने के बाद स्थानीय लोग रस्सी लेकर आए। इस दौरान एक युवक उसकी जान बचाने के लिए रस्सी के सहारे में देवदूत बनकर नीचे की और जाता दिखता है, नीचे से वह युवती को रस्सी के सहारे ऊपर की और खींचते हुए लाता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान युवती दर्द से चीख रही है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे काफी चोट लगी है।

इलाके में बीते कुछ दिनों से भारी बरसात हो रही है और मौसम का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन, वह इस दौरान अपनी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी करते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर सतारा की वीडियो शेयर की जा रही हैं और रेस्क्यू करने वाले लोगों की तारीफ हो रही है। जून माह में ही महाराष्ट के संभाजी नगर में रील बनाने के चक्कर में युवती की मौत हो गई थी।

## नालंदा की लोकाइन नदी उफान पर



**एजेंसी,नालंदा**

बिहार में कुछ दिन पहले तक सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, लेकिन अब बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मूसलाधार बारिश के चलते नालंदा में लोकाइन नदी उफान पर है। एक तरफ झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई तो दूसरी तरफ बाढ़ जैसे हालात के कारण स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। नदी के उफान ने जिले के पश्चिमी इलाके में तबाही मचा दी है। हिलसा प्रखंड के धुरी बीघा गांव के पास तटबंध में करीब 20 फीट का दरार पड़ गया है, जिससे आसपास के कई गांवों में पानी घुस गया है। कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। फतेहपुर, मुसाढ़ी, खोखना, मकरौता, कमरथु, धुरी बीघा, फुलवरिया, छियासठ बीघा, मुरलीगढ़, सोहरापुर, कुसेता और राढ़ील छिलका के पश्चिमी खेतों में पानी प्रवेश कर गया है। मुसाढ़ी गांव के पास भी तटबंध टूट गया है। हिलसा के एसडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि बैराज से पानी छोड़ने के बाद नदी में तेज बहाव जारी है। इसकी वजह से कई जगहों पर तटबंध को नुकसान पहुंचा है। मुसाढ़ी गांव के पास भी तटबंध टूट गया है। तटबंध के टूटने की खबर मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और जल विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। इसकी मरम्मत के लिए काम किया जा रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से इसे बंद करने की कोशिश की जा रही है।

# गोरेगांव पति-पत्नी की संदिग्ध मौत , जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी,मुंबई**

मुंबई के गोरेगांव इलाके में पति पत्नी की संदिग्ध मौत की जांच कर रही पुलिस के हाथ कुछ सबूत लगे हैं। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल्स को ध्यान में रख तफ्तीश कर रही है। शुक्रवार, 2 अगस्त को पति का शव इमारत के बाहर तो पत्नी का फ्लैट के भीतर मिला था।

घटना मुंबई के गोरेगांव इलाके के टोपीवाला लेन की है। मुंबई पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक शख्स का शव बिल्डिंग के बाहर पड़ा मिला है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि किशोर पेडणेकर नाम के शख्स ने



खुदकुशी की है। जबकि उसकी पत्नी राजश्री पेडणेकर की किसी ने गला दबाकर हत्या की है।

गोरेगांव की एसीपी रेणुका बेगड़े ने घटना की जानकारी देते हुए बताया, 2 अगस्त की सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास पुलिस को एक फोन आया था। उन्हें पता चला कि टोपीवाला लेन के पास स्थित एक बिल्डिंग के नीचे एक शख्स पड़ा हुआ है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृतक के गले में बंधी चेन से दो चाबियां भी बरामद की। फिर, पुलिस इस मामले की जांच के लिए मृतक के फ्लैट पर पहुंची। यहां उनकी पत्नी का शव संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ मिला। शुरुआती जांच में पता चला कि किसी ने महिला की गला दबाकर हत्या की है। उसके गले से एक कपड़ा भी बंधा हुआ था।

पुलिस के मुताबिक, किशोर ने मरने से पहले अपने एक रिश्तेदार को फोन भी किया था। अपना बैंक डिटेल साझा किया। साथ ही सुसाइड के बारे में भी उन्हें सूचना दी। प्राथमिक जांच से पता चल रहा है कि किशोर पेडणेकर ने पहले अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की और उसके बाद खुद सुसाइड कर लिया। किशोर के घर से डिप्रेशन और डायबिटीज की दवाइयां भी मिली हैं।

पुलिस के मुताबिक, किशोर पेडणेकर एक प्राइवेट कंपनी में करते थे और उनकी पत्नी राजश्री पेडणेकर थैरेपिस्ट थी। फिलहाल गोरेगांव पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# स्वतंत्र भारत का क्रांतिकारी निर्णय है तीन नए कानूना पर अमल : साव

## प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दीं

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज राजधानी रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास में कृषि औजारों और गेड़ी की पूजा कर परंपरागत रूप से हरेली त्योहार मनाया। उन्होंने पूजा–अर्चना कर अच्छी फसल और किसानों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। उन्होंने हरेली के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।







उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने निवास पर आयोजित हरेली कार्यक्रम में कलाकारों के साथ नृत्य किया। उन्होंने इस दौरान गेड़ी का भी आनंद लिया। श्री साव ने हरेली पर्व पर प्रदेश को हरा–भरा बनाने और धरती मां के श्रृंगार के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लोगों से अपनी मां के सम्मान और स्मृति में पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण के संरक्षण–संवर्धन के साथ ही धरती की सुंदरता भी बढ़ेगी।

# कलेक्टर को धमकी देने के मामले में भाजपा नेता अजय सिंह गिरफ्तार





**बीजापुर / रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** युवा आयोग के पूर्व सदस्य और भाजपा नेता अजय सिंह को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अजय सिंह का नाम पिछले दिनों तब चर्चा में आया जब मोबाइल से बातचीत में उसने कलेक्टर से अभद्रता की और उसका ऑडियो वायरल हो गया था। मगर बता दें कि अजय सिंह की गिरफ्तारी उस मामले में नहीं हुई है, बल्कि पुलिस ने उसे आदिवासी समाज के एक युवक के साथ जातिगत गाली–गलौच के मामले में गिरफ्तार किया है। अजय सिंह पूर्व में जिलाबदर हो चुका है और पुलिस के रिकॉर्ड में वह गुंडा बदमाश के रूप में दर्ज है।

### आदिवासी समाज ने किया था विरोध प्रदर्शन

बता दें दो दिन पहले ही अजय सिंह ने आदिवासी समाज के एक युवक को जमकर जातिगत गालियां दी थी। इससे समाज के लोग काफी आहत थे। उसके खिलाफ [illegible] भी दर्ज करवाई गई थी। आदिवासी समाज ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया था। इस दौरान कलेक्टर अनुराग पांडेय को आदिवासी समाज ने कार्रवाई को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। हालांकि प्रशासन और पुलिस के आश्वासन के बाद समाज के लोग लौट गए थे। बाद में यह सूचना आयी कि बांगापाल थाना क्षेत्र से अजय सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### कांग्रेस छोड़ बीजेपी में हो गया था शामिल

दरअसल अजय सिंह एक वक्त कांग्रेस का नेता हुआ करता था। लेकिन स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी के साथ उसके रिश्ते नहीं अच्छे रहे, जिसके बाद पिछली सरकार में कांग्रेस के साथ उसका मोहभंग हो गया। एक वक्त में अजय सिंह को महेंद्र कर्मा का करीबी कहा जाता था। प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार आई तो उसे युवा आयोग का सदस्य बनाया गया था। लेकिन वो कुछ महीने पहले ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गया था।

### बीजापुर कलेक्टर को दी थी धमकी

भाजपा नेता अजय सिंह का बीजापुर कलेक्टर को हटाने की धमकी देने का एक AUDIO सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

दरअसल 26 जुलाई को एक आडियो वायरल हुआ था, जिसमें बीजेपी नेता अजय सिंह और कलेक्टर अनुराग पांडेय के बीच तू–तू मैं–मैं सुनाई दे रही थी। बातचीत में नेताजी यह भी कहते हुए सुना जा सकते है कि उनकी कोई औकात नही है। अगर वो चाहे तो 4 दिन नही लगेगा हटाने में। भाजपा नेता की धमकी पर कलेक्टर अनुराग पांडेय कह रहे है कि तेरी जितनी औकात है कर ले।

जिलाबदर होने के बाद भी नहीं आया सुधार

पुलिस के रोजनामचे में दर्ज रिकॉर्ड पर नजर डालें तो वर्तमान में बीजेपी नेता अजय सिंह के खिलाफ दो दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं, वहीं उसके खिलाफ दो दर्जन बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। वहीं राजनीति में होने और बीजापुर क्षेत्र नक्सल प्रभावित होने के चलते अजय सिंह को '' श्रेणी की सुरक्षा भी प्रदान की गई थी। आपराधिक रिकॉर्ड होने के चलते अजय सिंह को जिलाबदर कर दिया गया था। साल भर बाद वापसी के बाद भी उसकी बदमाशियां जारी रहीं। इस बीच फोन पर कलेक्टर को धमकी देने के बाद अजय सिंह ने इलाके के एक क्रेशर प्लांट पर जाकर आदिवासी युवक और अन्य लोगों के साथ धमकी–चमकी दी, गाली–गलौच और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। इसी मामले में पुलिस ने अजय सिंह को गिरफ्तार किया है।

# विधायक राजेश अग्रवाल ने पीएम आवास के लाभार्थियों को दी शुभकामनाएं





**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** हरेली पर्व के अवसर पर विधायक राजेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बधाई दी।

अपना पक्का मकान मिलने से लाभार्थियों के मन की खुशी चेहरे पर साफ झलक रही थी। साथ ही ग्राम पंचायत गोरता में विधायक ने पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।

# चुनाव के पहले नगरी निकाय शिविर में पहुंचे पुरंदर मिश्रा

## त्रिमूर्ति नगर में सुलभ शौचालय एवं सामुदायिक भवन बनाने के दिए निर्देश

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** रायपुर, भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा एवं निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने कल नगर निगम के जोन 2 के वार्ड 6 में डब्ल्यूआरएस दुर्गा पंडाल मैदान में लगे जनसमस्या निवारण शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने त्रिमूर्ति नगर में सुलभ शौचालय एवं सामुदायिक भवन बनाने के निर्देश दिये, दुर्गा पंडाल मैदान को बजरी डालकर व्यवस्थित करने कहा गया है। छत्तीसगढ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार नगरीय निकाय चुनाव के पहले नगर निगम रायपुर के वार्डो में लगाये जा रहे शिविर के तहत जोन 2 के वीरांगना अवंति बाई लोधी वार्ड क्रमांक 6 के क्षेत्र में डब्ल्यूआरएस दुर्गा पंडाल मैदान त्रिमूर्ति नगर में जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर लगाया गया है। वहां पहुंचकर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने सभी शासकीय विभागों के स्टालों में पहुंचकर निरीक्षण किया। वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य श्रीमती अंजनी राधेश्याम विभार, एमआईसी सदस्य सुन्दर लाल जोगी, पूर्व पार्षद गोपाल सोना एवं जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। एमआईसी सदस्य श्रीमती अंजनी विभार के अनुरोध पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को वार्ड 6 के त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र में सुलभ शौचालय का निर्माण एवं जनउपयोग हेतु नये सामुदायिक भवन का निर्माण करने प्रस्ताव तैयार कर तत्काल स्वीकृति लेकर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिये। विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षद के अनुरोध पर दुर्गा पंडाल मैदान में बजरी डालकर उपयोग हेतु सुव्यवस्थित करने कहा है। विधायक ने जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर में राशन कार्ड केवाईसी, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड, आधार कार्ड , आय प्रमाण पत्र सहित सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट से संबंधित जनसमस्याओं से अवगत कराकर उसका त्वरित समाधान कराने का आव्हान नागरिको से किया है।




# राजधानी को मिली बेस्ट ऑर्थोपेडिक्स सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल की सौगात



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** मध्य भारत में स्थित प्रदेश एवं रायपुर शहर का पहला और एकमात्र विशिष्ट हड्डियों और जोड़ रोगों का ऑर्थोपेडिक अस्पताल जो अब एक नई अवधारणा के साथ सामने आया है। प्रदेश एवं शहर के नागरिकों के लिए बेस्ट ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल विशिष्ट आधुनिक संसाधनों के साथ एक अनोखी सौगात है, क्योंकि अब हड्डी एवं जोड़ के रोगों के उपचार तथा बड़ी से बड़ी सर्जरी के लिए शहर के बाहर अहमदाबाद मुंबई या नागपुर जैसे महानगरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। इस अस्पताल में 10 से अधिक हड्डी रोग विशेषज्ञ एक छत के नीचे सेवाएं प्रदान करेंगे।

मीडिया से चर्चा करते हुए डायरेक्टर डॉक्टर सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉक्टर हर्षित गोयंका, डॉक्टर रोहित कनाई, डॉक्टर सुनील देवांगन एवं डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि बेस्ट ऑर्थोपेडिक अस्पताल में सभी प्रकार की हड्डी की एवं जोड़ रोग से उपलब्ध सेवाएं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एंडोस्कोपी एवं स्पाइन केयर रूमेटोलॉजी जरी इरॉटिक वृद्धावस्था में हड्डियों एवं जोड़ संबंधी विशिष्ट समस्याएं गठिया रोग का इलाज , खेल से संबंधित चोट के इलाज दूरबीन से होने वाले ऑपरेशन आर्थोस्कॉपी औद्योगिक एवं सड़क दुर्घटना पॉलिटेरामा में होने वाले गंभीर चोट, बच्चों में होने वाले विकृति एवं हड्डियों और जोड़ों की समस्याओं का भी उपचार विशिष्ट रूप से किया जाता है ।

बीमारी के बेहतर उपचार के लिए यहां एक से एक अधिक विशेषज्ञों के द्वारा उपचार होता है तथा ग्रुप ओपिनियन एवं रोगियों एवं उनके रिश्तेदारों के साथ विस्तृत परामर्श की भी सुविधा दी जाती है, प्रत्येक ऑपरेशन सिर्फ एक सर्जन के द्वारा ना करके दो या अधिक विशेषज्ञों की टीम के द्वारा किया जाता है। यह विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारी ऑर्थोपेडिक मरीज की देखभाल के लिए पूर्णत समर्पित है। बेस्ट ऑर्थोपेडिक अस्पताल में वी आई पी सुइट रूम, सुपर डीलक्स रूम, प्राइवेट गार्ड के साथ ही अत्याधुनिक सुसज्जित फिजियोथैरेपी रिहैबिलिटेशन एवं योग की सुविधा भी प्रदान की जाती है। बेस्ट ऑर्थोपेडिक अस्पताल में सड़क और उद्योग में होने वाली दुर्घटनाओं के लिए विशेषज्ञ की एक टीम 24 घंटे उपलब्ध रहती है तथा गंभीर पालिट्रामा मरीज के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित 15 बिस्तरों वाला आईसीयू उपलब्ध है




स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444